दैनिक
लोकजीवन
भीलवाड़ा एवं जयपुर से प्रकाशित राज्यस्तरीय समाचार पत्र
संस्थापक - स्व. डॉ. शिवकुमार जी त्रिवेदी
■ रजि. नं. 27201/76 ■ मूल्य 2 रूपया ■ पोस्टल रजि. नं. भीलवाड़ा/103/2024-2026
■ वर्ष 51 ■ अंक 274 ■ भीलवाड़ा ■ सोमवार 16 नवम्बर 2026 ■ कार्तिक, शुक्ल पक्ष-सप्तमी, संवत् 2083 ■ कुल पृष्ठ 4

लोकजीवन
के वाट्सएप ग्रुप से जुड़ने के लिए QR को स्केन करें

डालडा मिल की सरकारी जमीन की बंदरबांट और व्यवस्था की खामोशी पर सुलगते सवाल...

- कैलाश त्रिवेदी -

भीलवाड़ा के चित्तौड़ रोड स्थित बहुचर्चित डालडा मिल की बेशकीमती 60.12 बीघा सरकारी औद्योगिक भूमि से जुड़ा लगभग 1500 करोड़ रुपये का महाघोटाला अब केवल प्रशासनिक लापरवाही का मामला नहीं रहा, बल्कि यह सिस्टम के भीतर गहरे तक जड़ें जमा चुके 'गठजोड़' का जीता-जागता प्रमाण बन चुका है। राजस्थान हाईकोर्ट के एक फैसले में दर्ज तथ्यों ने इस पूरे प्रकरण की जो परतें खोली हैं, वे चौंकाने वाली हैं। जिस जमीन का स्वामित्व ही निजी कंपनी के पास नहीं था, उसके कन्वर्जन, पट्टे और लेआउट को लेकर निदेशकों के बीच करोड़ों रुपये के लेनदेन और हिस्सेदारी की जंग छिड़ी रही। यह विडंबना ही है कि जिस संपत्ति के असल मालिक राज्य सरकार और जनता हैं, उसका सौदा बंद कमरों में करोड़ों की रकम के साथ तय होता रहा।

इस पूरे घटनाक्रम में सबसे गंभीर सवाल नियामक संस्थाओं और स्थानीय प्रशासन की कार्यप्रणाली पर खड़े होते हैं। वर्ष 1966 में औद्योगिकीकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सरकार ने जो जमीन 99 साल की निःशुल्क लीज पर दी थी, उसका मूल उद्देश्य रोजगार और उत्पादन था, न कि रियल एस्टेट का मुनाफाखोर कारोबार। जब वर्ष 2019 में तत्कालीन जिला कलेक्टर की अध्यक्षता वाली चार सदस्यीय समिति और लोकायुक्त स्तर पर यह स्पष्ट हो चुका था कि कंपनी के पास केवल लीजहोल्ड अधिकार हैं और 90-ए के तहत जारी पट्टे अवैध हैं, तो फिर इस जमीन पर व्यावसायिक मॉल और मल्टीस्टोरी इमारतों के निर्माण का रास्ता कैसे साफ हुआ?

रेरा जैसी पारदर्शी मानी जाने वाली संस्था की भूमिका भी अब संदेह के घेरे में है। यदि प्रोजेक्ट के पंजीकरण के समय 1966 की मूल सरकारी लीज और 2019 की जांच समिति की प्रतिकूल रिपोर्ट को दरकिनार कर महज 13 साल की अधूरी सर्च रिपोर्ट के आधार पर क्लीन चिट दी गई, तो यह सीधे तौर पर आम खरीदारों के साथ बड़ा धोखा है। कल को जब कानून का डंडा चलेगा और अवैध पट्टे निरस्त होंगे, तो उन निर्दोष नागरिकों की जीवनभर की जमापूंजी का क्या होगा, जिन्होंने सरकारी मुहर देखकर इन प्रोजेक्ट्स में निवेश किया है?

जयपुर सचिवालय के राजस्व विभाग में वर्षों तक मूल पत्रावली का दबा रहना और यूआईटी (नगर विकास न्यास) के स्तर पर नियमों को ताक पर रखकर पट्टे जारी होना, इस बात का स्पष्ट संकेत है कि भू-माफियाओं को ऊपर से नीचे तक संरक्षण प्राप्त रहा है। अब जबकि एसओजी की अजमेर यूनिट ने इस मामले की जांच शुरू कर दी है, तो यह आवश्यक हो जाता है कि जांच केवल निचले स्तर के कर्मचारियों तक सीमित न रहे। उन तमाम तत्कालीन प्रशासनिक अधिकारियों, यूआईटी के जिम्मेदारों और सफेदपोश चेहरों को बेनकाब कर सलाखों के पीछे पहुंचाया जाना चाहिए, जिन्होंने सरकारी खजाने को अरबों रुपये की चपत लगाई। साथ ही, प्रशासन को तत्काल प्रभाव से विवादित भूमि पर हो रहे निर्माण कार्यों पर रोक लगानी चाहिए, ताकि सरकारी संपत्ति को और अधिक खुर्द-बुर्द होने से बचाया जा सके।

जिला परिषद चुनाव: हफीज मोहम्मद अकेले ऐसे नेता, जिन्होंने दो बार संभाली जिला प्रमुख की कुर्सी, अगला जिला प्रमुख 25 को बनेगा

1959 से अब तक 19 जिला प्रमुख, सर्वाधिक 8 बार कांग्रेस, 5 बार बीजेपी

ललित ओझा
लोकजीवन न्यूज सर्विस, भीलवाड़ा



जिला परिषद भीलवाड़ा के गठन से लेकर अब तक प्रशासनिक और राजनीतिक इतिहास में कई उतार-चढ़ाव आए हैं। वर्ष 1959 से शुरू हुए इस सफर में अब तक कुल 19 जिला प्रमुख (निर्वाचित और प्रशासक) अपनी सेवाएं दे चुके हैं। सर्वाधिक आठ बार कांग्रेस के जिला प्रमुख रहे। भाजपा ने पांच बार अपना जिला प्रमुख बनवाया। दो बार जिला प्रमुख रहने का रिकॉर्ड कांग्रेस के स्व.हफीज मोहम्मद के नाम रहा। पांच बार कलेक्टर, एडीएम या जिला परिषद सीईओ के पास बतौर प्रशासक जिला परिषद की कमान रही। अब 20वें जिला प्रमुख का चुनाव 25 नवंबर को होगा। इससे पहले 20 नवंबर को जिला परिषद सदस्यों के वोटों की गिनती राजकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज तिलक नगर में होगी। यह परिणाम तय करेंगे कि इस बार 45 सदस्यीय जिला परिषद में किस पार्टी का राज होगा? किसका जिला प्रमुख बनेगा? और कौन जिला परिषद में विपक्ष में बैठेगा। सबकी निगाहें अब 20 नवंबर को होने वाली मतगणना पर टिकी है। फिर शुरू होगी जिला प्रमुख के लिए राजनीतिक एक्सरसाइज।

कब-कौन रहे जिला प्रमुख

क्र.	जिला प्रमुख व पार्टी	कब से	कब तक
1	रमेशचन्द्र व्यास, कांग्रेस	02-10-1959	10-03-1961
2	शिवचरण माथुर, कांग्रेस	11-03-1961	25-02-1965
3	यशवन्तसिंह नाहर, कांग्रेस	26-02-1965	08-08-1977
4	प्रशासक (कलेक्टर)	09-08-1977	06-01-1982
5	हफीज मोहम्मद, कांग्रेस	07-01-1982	10-07-1988
6	प्रशासक (एडीएम)	11-07-1988	19-07-1988
7	हफीज मोहम्मद, कांग्रेस	20-07-1988	26-07-1991
8	प्रशासक (कलेक्टर)	27-07-1991	13-02-1995
9	डॉ.रतनलाल जाट,बीजेपी	13-02-1995	11-12-1998
10	रतन लाल भील, कांग्रेस	12-12-1998	11-02-2000
11	कमला धाकड, कांग्रेस	12-02-2000	09-02-2005
12	इंजी.कन्हैयालाल धाकड़, बीजेपी	10-02-2005	17-02-2010
13	सुशीला सालवी, कांग्रेस	18-02-2010	07-02-2015
14	पीरचंद सिंघवी, बीजेपी	07-02-2015	11-08-2016
15	रामचन्द्र सेन, बीजेपी	29-08-2016	02-12-2016
16	शक्ति सिंह हाड़ा, बीजेपी	02-12-2016	07-02-2020
17	प्रशासक (सीईओ)	08-02-2020	09-12-2020
18	बरजी बाई भील, बीजेपी	10-12-2020	09-12-2025
19	प्रशासक (कलेक्टर)	10-12-2025	निरंतर

प्रथम जिला प्रमुख
कांग्रेस के स्व.रमेश चन्द्र व्यास ने 2 अक्टूबर 1959 को कार्यभार संभाला था, जिनका कार्यकाल 10 मार्च 1961 तक रहा।

सबसे लंबा कार्यकाल
कांग्रेस के ही यशवन्त सिंह नाहर का कार्यकाल सबसे लंबा रहा, जिन्होंने 26 फरवरी 1965 से 8 अगस्त 1977 तक यानी लगभग 12 साल पद संभाला।

प्रशासनिक कमान
बोर्ड के बीच के अंतरालों में और वर्तमान में (10 दिसंबर 2025 से) जिला कलेक्टर व अन्य प्रशासनिक अधिकारी बतौर प्रशासक व्यवस्था संभालते रहे हैं।

वर्तमान स्थिति
आज की स्थिति में अंतिम निर्वाचित जिला प्रमुख के रूप में बरजी बाई भील का कार्यकाल 9 दिसंबर 2025 को पूरा हुआ, जिसके बाद वर्तमान में जिला कलेक्टर प्रशासक के रूप में कार्यभार देख रहे हैं।

आस्था की ज्योति से झिलमिलाए घाट, उगते सूर्य को अर्घ्य के साथ छठ महापर्व संपन्न

पूजा में घाटों पर उमड़ा जनसैलाब, गूंजे छठी मईया के जयकारे

भीलवाड़ा। लोक आस्था, अनुशासन और कठोर साधना के चार दिवसीय महापर्व छठ का सोमवार को उगते सूर्य को उषा अर्घ्य देने के साथ ही भव्य और गरिमामयी समापन हो गया। तड़के चार बजे से ही भीलवाड़ा शहर के मान सरोवर झील, नेहरू तलाई, हरणी महादेव और अन्य प्रमुख जलाशयों व घाटों पर श्रद्धालुओं का ऐसा जनसैलाब उमड़ा कि पैर रखने की भी जगह नहीं बची। हर तरफ गूंजते छठी मईया के पारंपरिक लोकगीतों और भजनों से पूरा शहर भक्तिमय हो गया।

चार दिवसीय इस अनूठे महापर्व की शुरुआत गत दिनों 'नहाय-खाय' के साथ हुई थी, जिसके बाद खरना और संध्या अर्घ्य के पवित्र अनुष्ठान संपन्न हुए। सोमवार की अलसुबह मान सरोवर झील और नेहरू तलाई के घाट दीपों की झिलमिलाती रोशनी और पूजन सामग्री की खुशबू से महक उठे। व्रती महिलाओं ने जल में खड़े होकर पूरी निष्ठा, एकाग्रता और श्रद्धा के साथ उगते सूर्य को अर्घ्य अर्पित किया। इस दौरान महिलाओं ने करीब 36 घंटे का कठिन निर्जला व्रत रखकर सूर्यदेव और छठी मैया की कठोर उपासना की और परिवार की खुशहाली, संतान की दीर्घायु व आरोग्य की कामना की।



घाटों पर दिखा अदभुत सांस्कृतिक संगम

भीलवाड़ा में पूर्वांचल संस्कृति की अनूठी झलक देखने को मिली, जहां स्थानीय नागरिकों ने भी बढ़-चढ़कर इस महापर्व में शिरकत की। अलसुबह से ही शहर के विभिन्न मार्गों पर हाथों में सूप, मौसमी फल, ठेकुवा और पूजन सामग्री सजाए श्रद्धालुओं के जत्थे कतारबद्ध होकर घाटों की ओर बढ़ रहे थे। मान सरोवर झील और नेहरू तलाई पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम के बीच नगर निगम और स्थानीय समितियों द्वारा रोशनी, साफ-सफाई और सुरक्षा की बेहतरीन व्यवस्थाएं की गई। मुस्तैद गोताखोरों और पुलिस बल ने व्यवस्थाओं को सुचारू बनाए रखा।

व्रत का पारण और प्रसाद वितरण

उषा अर्घ्य के पश्चात व्रती महिलाओं ने अन्न-जल ग्रहण कर अपने कठिन उपवास का पारण किया। घाटों पर उपस्थित परिजनों और श्रद्धालुओं ने एक-दूसरे को छठ पर्व की बधाइयां दीं और प्रसाद ग्रहण किया। सूर्योपासना के इस महाकुंभ के शांतिपूर्ण संपन्न होने के साथ ही शहर में एक बार फिर भाईचारे और उत्सव का उल्लास छा गया।

बालाजी की असीम कृपा से समस्या का तुरंत निदान

राजस्थान के जाने-माने ज्योतिषाचार्य
विक्रम सिंह सोनी
ज्योतिष सम्बन्धित सभी समस्याओं का तुरंत निवारण सशुल्क ऑनलाईन किया जाता है।
मिलने के लिए आप 3 से 6 प्रतिदिन फोन करके पधारें।
डांगी फैक्ट्री के पीछे, सांवरिया मंदिर के पास, आजाद नगर, भीलवाड़ा
9509837485, 6350542648

मौसम के मिजाज से बढ़ी मुश्किलें: पारे के अंतर से एमजीएच में उमड़ी मरीजों की भीड़

भीलवाड़ा। शहर में मौसम के बदलते तेवर और तापमान में उतार-चढ़ाव ने आमजन की सेहत बिगाड़नी शुरू कर दी है। दिन के समय हल्की गर्मी और रात में गिरते पारे के कारण शहरवासियों को दोहरी मौसम



का सामना करना पड़ रहा है। इसका सीधा असर लोगों के स्वास्थ्य पर पड़ रहा है, जिसके चलते जिला मुख्यालय स्थित महात्मा गांधी चिकित्सालय के आउटडोर में इन दिनों मरीजों की भारी भीड़ उमड़ रही है। पर्ची काउंटर से लेकर डॉक्टर्स के केबिन के बाहर मरीजों और उनके परिजनों की लंबी कतारें देखी जा सकती हैं।

सर्दी-जुकाम और बुखार के मरीज बढ़े

चिकित्सकों का कहना है कि दिन की गर्मी और रात की ठंडक के बीच शरीर का तालमेल बिगड़ने से वायरल संक्रमण तेजी से फैल रहा है। ओपीडी में पहुंच रहे अधिकांश मरीज वायरल फीवर, सर्दी-जुकाम, खांसी, बदन दर्द, गले में खराश और पेट की समस्याओं से पीड़ित हैं। इनमें युवाओं और बुजुर्गों की संख्या भी अधिक है। डॉक्टरों ने इस मौसम में खानपान में सावधानी बरतने और सुबह-शाम ठंडी हवाओं से बचने की सलाह दी है।

पिछले 10 दिनों में 12 से 14 डिग्री का अंतर : मौसम विभाग के आंकड़ों के अनुसार, पिछले 10 दिनों में शहर के तापमान में लगातार बदलाव दर्ज किया गया है, जिससे दिन और रात के तापमान में लगभग 12 से 14 डिग्री तक का बड़ा अंतर बना हुआ है।

WORTHYTECH SOLUTIONS
IDEAS | TECHNOLOGY | GROWTH
We Build Solutions for Your Business at an Affordable Cost.
WEBSITE DEVELOPMENT
SOFTWARE DEVELOPMENT
APP DEVELOPMENT
DIGITAL MARKETING
INTERNSHIP & TRAINING PROGRAMS for New Beginners
G-3, G-4, G-5, Ganpati Complex, Pur Road, Bhilwara (Raj.) – 311001
9982376430
www.worthytechsolutions.com
info@worthytechsolutions.com

सी. के. एस. हॉस्पिटल्स, जयपुर और नाहर हेल्थ केयर सेंटर, भीलवाड़ा द्वारा
नियमित परामर्श सेवाएं
आपके शहर भीलवाड़ा में

डॉ. राहुल नाहर
ENT & Head Neck Surgery
MBBS, MS ENT & Head Neck Surgeon Sleep Apnea and Snoring Specialist

डॉ. सुश्रुत कालरा
Plastic, Hand & Cosmetic Surgeon
MBBS, MS (General Surgery), MCh (Plastic & ReconstructiveSurgery), Fellowship in Hand Surgery and Breast Reconstruction (Chelmsford, UK). Fellowship in Cosmetic Surgery (Castegan Clinic, UK). Ex faculty SMS hospital jaipur.

डॉ. अरुण आर्य श्योराण
Medical Gastroenterologist
MBBS, MD (General Medicine). Dr. NB (Medical Gastroenterology)
समय : सुबह 11.00 से दोपहर 02.00 बजे तक
स्थानः- नाहर स्वच्चायर सेवा सदन रोड, एपेक्स डायग्नोस्टिक सेंटर सेकंड फ्लोर, सेवा सदन स्कूल के पास, भीलवाड़ा, राजस्थान - 311001
प्रत्येक माह के प्रथम एवं तृतीय शनिवार को
Book An Appointment : 94622 39072, 9784024973
RHGS, CGHS, ECHS, ESIC, Indian Railway, Chiranjeevi & All TPS'S
CKSHospitals CKSHospitals www.ckshospitals.com
CKS Hospitals98A, Sikar Rd, Vishwakarma Industrial Area, Jaipur

ROUND TABLE INDIA ADOPT · ADAPT · IMPROVE
राउंड टेबल इंडिया एवं लेडीज सर्कल इंडिया
LADIES CIRCLE INDIA FRIENDSHIP AND SERVICE
कक्षाओं का निर्माण, अस्पतालों को नई जिंदगी
10,600 से अधिक कक्षाएँ, 1.17 करोड़ बच्चों तक पहुँच और ₹592 करोड़ का निवेश!
युवा पेशेवरों का एक स्वैच्छिक, गैर-राजनीतिक संगठन राउंड टेबल इंडिया (RTI) और लेडीज सर्कल इंडिया (LCI) देशभर में शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता और सामुदायिक विकास के क्षेत्र में ठोस और दीर्घकालिक परिवर्तन लाने के लिए मिलकर कार्य कर रहे हैं।
मुख्य उपलब्धियाँ
10,668 कक्षाओं का निर्माण
1.17 करोड़ विद्यार्थियों तक पहुँच
₹592 करोड़ का कुल निवेश
फेलोशिप के माध्यम से सेवा – Service Through Fellowship
राउंड टेबल आंदोलन की शुरुआत भारत में 1957 में हुई और 14 नवंबर 1962 को राउंड टेबल इंडिया का औपचारिक गठन हुआ।
यह एक स्वैच्छिक, गैर-राजनीतिक और गैर-सांप्रदायिक संगठन है।
सदस्यता की आयु सीमा 40 वर्ष है, जिसके बाद कई सदस्य 41 वर्ष की आयु के बाद लेडीज सर्कल इंडिया से जुड़ते हैं।
फ्रीडम थ्रू एजुकेशन – हर दिन एक नई कक्षा की ओर
Freedom Through Education (FTE) राउंड टेबल इंडिया की सबसे पुरानी परियोजना है, जो 1996 में शुरू हुई और 1998 में राष्ट्रीय प्रोजेक्ट के रूप में औपचारिक हुई।

FTE SCHOOL BLOCK
उपलब्धि	वर्ष 2025-26	स्थापना से अब तक
निर्मित कक्षाएँ	628	10,668
लाभान्वित विद्यार्थी	7.06 लाख	1.17 करोड़
कुल निवेश	₹55 करोड़	₹592 करोड़
राजस्थान में राउंड टेबल इंडिया – एरिया 12
राजस्थान में संगठन एरिया 12 के माध्यम से कार्य करता है, जिसमें आज राज्य के 371 सदस्य शामिल हैं:
जयपुर, कोटा, भीलवाड़ा, जोधपुर, बीकानेर, चित्तौड़गढ़, उदयपुर, अजमेर
राजस्थान में प्रमुख कार्यों में सरकारी विद्यालयों में कक्षाओं का निर्माण, छात्रों हेतु आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता और बच्चों के समग्र विकास के लिए विभिन्न गतिविधियों का आयोजन शामिल है।
प्रोजेक्ट हील – महामारी के प्रयासों से स्थायी स्वास्थ्य सुविधाओं तक
Project HEAL (Healthcare Enhancement for Active Living) की शुरुआत कोविड-19 के दौरान राहत कार्यों से हुई और अब यह सरकारी अस्पतालों के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने का राष्ट्रीय कार्यक्रम है।
नए विशेष वार्ड का निर्माण, भवनों की मरम्मत और विस्तार।
शौचालयों एवं स्वच्छता सुविधाओं का उन्नयन।
वेंटिलेटर, ऑक्सीजन लाइन सिस्टम, एंबुलेंस और अस्पताल के बेड जैसे उपकरण उपलब्ध कराना।
जुलाई 2021 तक HEAL के तहत ₹55 करोड़ से अधिक की लागत से 20 परियोजनाएं पूरी हो चुकी थीं। अब तक 120 प्रमुख हस्क्षेप किए गए हैं। राजस्थान में जोधपुर और बीकानेर में परियोजनाएं संचालित की गई है। जोधपुर में 12 बेड वाले प्रसवोत्तर देखभाल वार्ड का नवीनीकरण करवाया गया है।

अभी निर्माण जारी है – Still Building
राउंड टेबल इंडिया की खास पहचान उसके कार्यों की निरंतरता है।
यहाँ संचालित कार्य एक प्रोजेक्ट तक सीमित नहीं रहते, बल्कि निर्माण के बाद भी इनके रखरखाव और गुणवत्ता पर भी ध्यान दिया जाता है।
40 वर्ष की आयु के बाद संगठन से आगे बढ़ जाने के बावजूद अल्प पीढ़ी के युवा इन परियोजनाओं को निरंतर आगे बढ़ाते हैं।
केवल पिछले एक वर्ष में 628 नई कक्षाओं का निर्माण हुआ है, वहीं HEAL के माध्यम से अब भी अस्पतालों के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने का कार्य जारी है।
"एक ऐसा संगठन जहाँ दोस्ती, सेवा और सामूहिक प्रयास के माध्यम से युवा शक्ति समाज में स्थायी और सकारात्मक बदलाव लाती है।"
ROUND TABLE INDIA & LADIES CIRCLE INDIA
सेवा का संकल्प, बदलाव की शुरुआत और बेहतर भविष्य का निर्माण।

Rideloo
Safar ho ya ambulance, sab ek app se
भीलवाड़ा की अपनी Ride Booking App
शहर में कहीं जाना हो, ट्रैफिक से परेशान या घर पे गाड़ी नहीं तो
आज अभी BOOK करें!
DRIVERS / RIDERS के लिए
कमाई का सुनहरा अवसर
Rideloo Partner App डाउनलोड करें
0% COMMISSION
AUTO BIKE CAB AMBULANCE
BOOKING, SUPPORT & RIDER REGISTRATION
96943 97383 | 92166 69115

DR. APURVA'S COSMO DENT CARE
SKIN | HAIR | LASER | DENTAL
अब भीलवाड़ा में नियमित सेवाएं
डॉ. प्रियांश जैन
MBBS, M.D. (SKIN & VD) (BHU VARANASI)
पूर्व चिकित्सक अरिहन्त अस्पताल
रजि. हेतु सम्पर्क - 90247-23534
रविवार अवकाश
चर्म रोग, एलर्जी रोग एवं यौन रोग विषेशज्ञ
समय - प्रातः 10 AM से 3 PM, पता- ग्राउण्ड फ्लोर, सुराणा टॉवर, रामस्नेही अस्पताल के सामने, भीलवाड़ा
समय - सायं: 5 PM से 8PM
पता- पुर रोड़, पांसल चौराहा, भीलवाड़ा
डॉ. अपूर्वा धोका (जैन)
BDS, MDS ENDODONTIST (INDORE)
(Root Canal Specialist)
रजि. हेतु सम्पर्क - 76655-91929
अब अहमदाबाद जैसी सुविधाएं भीलवाड़ा जिले में पहली बार
रूट केनाल ट्रीटमेन्ट (RCT) के लिए बार-बार सिटिंग की जरूरत नहीं, अब एक सिटिंग में ही पाएं एडवांस टेक्नोलॉजी द्वारा सर्वोतम दर्द रहित उपचार
Expert in • Single Sitting Rotary RCT
• अत्याधुनिक मशीन द्वारा दाँतों की नसों का दर्द रहित इलाज • फिक्स दाँत लगाना • लेजर द्वारा दाँतों में मसाला भरना • इम्प्लान्ट् • बच्चों के दाँतों का इलाज • सिस्ट एवं ट्यूमर का ऑपरेशन • दाँतों की सफाई एवं पॉलिशिंग • पायरिया का इलाज
समय - प्रातः 10 AM से 7 PM रविवार - 10 AM से 2 PM
पता- ग्राउण्ड फ्लोर, सुराणा टॉवर, रामस्नेही अस्पताल के सामने, भीलवाड़ा

राजस्थान का नं. 1 कोरियर सर्विस
DTDC Delivering Value
(M.) 94133-54317
PUSHPAK COURIER
सम्पूर्ण भारत में डाक एवं पार्सल की उत्तम सुविधा उपलब्ध हैं।
दुकान नं. 10, सदर बाजार, स्टेशन रोड, लक्ष्मण जनरल स्टोर के सामने, (मिर्ची वाले काबराजी की दुकान मेन मार्केट), भीलवाड़ा

न्यूज इन बाक्स

सुरास में सरपंच भील ने संभाला पदभार



भीलवाड़ा । रायपुर पंचायत समिति के अंतर्गत आने वाली सुरास ग्राम पंचायत के नवनिर्वाचित सरपंच श्यामलाल भील ने पदभार ग्रहण किया। समारोह में सहाड़ा विधायक लादू लाल पितलिया मुख्य अतिथि रहे। उनके साथ भाजपा विधानसभा पूर्व संयोजक नाथूलाल शर्मा, सुरास के पूर्व सरपंच इंद्रमल कुमावत, पूर्व ओबीसी मोर्चा मंडल अध्यक्ष जगदीश कुमावत और बड़ी संख्या में ग्रामीणजन भी उपस्थित रहे। अतिथियों ने नवनिर्वाचित सरपंच भील को माला पहनाकर और मुंह मीठा कराया। उन्होंने सुरास पंचायत के आगामी विकास कार्यों, पारदर्शिता और जनहित की योजनाओं को धरातल पर उतारने की अपेक्षा जताई। सरपंच श्यामलाल भील ने पंचायत के चहुंमुखी विकास और हर जरूरतमंद तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने का संकल्प लिया।

माहेश्वरी कुलदेवी का जागरण 17 व 18 को, 101 भक्त जाएंगे

भीलवाड़ा । माहेश्वरी परिवारों की 14 गौत्रों की कुलदेवी बधर मातारानी का पंचम वार्षिक महोत्सव, हवन व जागरण 17 व 18 नवंबर को होगा। चित्तौड़गढ़ जिले के भोपाल-सागर से लगभग 11 किलोमीटर की दूरी पर गांव ताणा के पास कानड खेड़ा की ऊंची पहाड़ी पर बिराजमान बधर मातारानी के वहां 17 नवम्बर को प्रातः हवन व शाम को वार्षिक साधारण सभा की बैठक, संगीत मय भजन संध्या तथा 18 नवम्बर को सुबह मातारानी की महाआरती पश्चात महाप्रसाद का आयोजन होगा। समिति के जिलाध्यक्ष एवं उप महापौर राधेश्याम सोमानी ने बताया कि भीलवाड़ा जिले से भी लगभग 101 भक्तों का जत्था जागरण में हाजरी लगाने के लिए प्रस्थान करेगा। जिला मंत्री देवेन्द्र सोमानी ने बताया कि क्षेत्र प्रभारियों को अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंप दी गई है। बैठक में राधेश्याम सोमानी, देवेन्द्र सोमानी, लक्ष्मी नारायण सोमानी, बाल मुकुंद सोमानी, बृजमोहन सोमानी ,बद्री लाल सोमानी, गोपाल सोमानी, अरुण सोमानी, सत्यनारायण सोमानी, राकेश सोमानी, भागचंद सोमानी, दिनेश छापरवाल, कैलाश गदिया, सत्यनारायण सोमानी, अनिल सोमानी, राजेश सोमानी, मनोज सोमानी आदि उपस्थित थे।

मूंदड़ा इंडियन ट्रिनिटी परिवार के संरक्षक



भीलवाड़ा । इंडियन ट्रिनिटी परिवार के संगठनात्मक विस्तार एवं सामाजिक सरोकारों को नई दिशा देने के उद्देश्य से रामचंद्र मूंदड़ा को संरक्षक बनाया गया। इंडियन ट्रिनिटी परिवार की ओर से उन्हें सदस्यता प्रमाण पत्र भेंट किया गया। मूंदड़ा ने इंडियन ट्रिनिटी परिवार के सदस्यों को प्रभु श्री रामलला की मूर्ति भेंट की। इंडियन ट्रिनिटी परिवार द्वारा आगामी नववर्ष से एंबुलेंस को रास्ता दो जनजागरूकता अभियान के तहत वाहनों पर एक वर्ष में 10,000 स्टीकर लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इंडियन ट्रिनिटी परिवार के मुखिया गजानंद बोहरा, मुख्य संगठन मंत्री डिम्पल आर., धनपाल राकेश शर्मा एवं सांस्कृतिक विभाग प्रमुख दुर्गा देवी उपस्थित रहे।

पंचमुखी बालाजी को लगाया अन्नकूट का भोग



भीलवाड़ा । जिला परिवहन कार्यालय के पास स्थित श्री पंचमुखी बालाजी मंदिर में अन्नकूट महोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। पूरा परिसर बालाजी के जयकारों से गूंज उठा। मंदिर के पुजारी मुरारी पांडे ने बताया कि हनुमान जी को 751 किलो मिश्रित सब्जी तथा 111 किलो चावल और चंवला का महाभोग सामूहिक महाआरती के पश्चात लगाया गया। सभी श्रद्धालुओं को अन्नकूट प्रसाद वितरित किया गया। श्री पंचमुखी बालाजी लाल बाबा सेवा समिति के संयोजक अशोक बाहेती और अध्यक्ष सुनील बंसल के सानिध्य में सदस्यों ने व्यवस्थाएं की। महापौर जसवंत कंवर तथा स्थानीय पार्षद ने बालाजी के दर्शन कर आशीर्वाद लिया। महापौर एवं उपस्थित पार्षदों ने मंदिर निर्माण में हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। मंच संचालन पंडित अशोक व्यास द्वारा किया।

शीरीन का शोध पत्र रियाध सम्मेलन में चयनित



भीलवाड़ा । रियाध इंटरनेशनल फिलॉसफी कॉन्फ्रेंस 2026 के लिए पुलिस लाइन क्षेत्र निवासी शीरीन खान पुत्री फिरोज खान का शोध पत्र चयनित हुआ है। सम्मेलन 13-14 दिसंबर को सऊदी अरब में रियाध इंटरनेशनल बुक फेयर 2026 के अंतर्गत प्रस्तावित है। यह कान्फ्रेंस दर्शनशास्त्र के क्षेत्र में दुनिया के बड़े वार्षिक अंतरराष्ट्रीय सम्मेलनों में मानी जाती है। इस मंच पर विभिन्न देशों के चुनिंदा विद्वान अपने शोध निष्कर्ष साझा करते हैं।

बाल विवाह रोकथाम अभियान के तहत जागरूकता गतिविधि आयोजित



भीलवाड़ा ।बाल विवाह रोकथाम अभियान के अंतर्गत जिला बाल संरक्षण इकाई एवं बाल अधिकारिता विभाग एवं नीति आयोग के आकांक्षी जिला कार्यक्रम के तहत एसोसिएशन फॉर वॉलेंट्री एक्शन द्वारा एवरेस्ट शेल्टर होम, में बच्चों के लिए जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया गया। जिला बाल संरक्षण इकाई एवं बाल अधिकारिता विभाग भीलवाड़ा के सहायक निदेशक धर्मराज प्रतिहार के अनुसार बच्चों को बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम, 2006 की जानकारी दी गई। बाल विवाह बच्चों के शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक विकास को प्रभावित करता है। कम उम्र में विवाह होने से बच्चों की शिक्षा, स्वास्थ्य एवं उज्ज्वल भविष्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है।बच्चों के साथ संवाद, जागरूकता चर्चा एवं विभिन्न रचनात्मक गतिविधियों के माध्यम से बाल विवाह मुक्त भारत के निर्माण में बच्चों की भूमिका पर प्रकाश डाला गया। बच्चों को बाल विवाह के विरुद्ध आवाज उठाने, अपने आसपास होने वाले बाल विवाह की सूचना संबंधित अधिकारियों तक पहुंचाने तथा अपने परिवार एवं समुदाय में जागरूकता फैलाने के लिए प्रेरित किया गया। अंत में बाल विवाह मुक्त भारत के संकल्प के साथ बच्चों को शिक्षा एवं सुरक्षित बचपन के महत्व का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में जिला बाल संरक्षण इकाई के संरक्षण अधिकारी अनुराधा तोलबिया, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 से समन्वयक राधेश्याम गुर्जर, काउंसलर निर्मला पुरोहित, केस वर्कर सुमन साहू, नीति आयोग असोसिएशन फॉर वॉलेंट्री एक्शन के चाइल्ड राइट्स एसोसिएट हेमंत सिंह सिसोदिया एवं एवरेस्ट शेल्टर होम प्रबंधक कल्पना जौहरी स्टाफ एवं बच्चे मौजूद रहे।

आचार्य पुलकसागर बोले भीलवाड़ा वालों के दिलों में रहेंगे हम, विदाई की बेला में भावुक हुए नयन

चातुर्मास समिति अध्यक्ष प्रवीण चौधरी समाजरत्न से अलंकृत

पिच्छिका परिवर्तन के साथ आचार्य का शहर से मंगल विहार

लोकजीवन न्यूज सर्विस, भीलवाड़ा

चार माह पूर्व मंगल प्रवेश की बेला में चेहरों पर उत्साह के भाव थे तो रविवार को ऐतिहासिक चातुर्मास सम्पन्न कर विदाई की बेला आई तो श्रद्धालुओं के नयन छलक उठे। कुछ के आंसू बह रहे थे तो कुछ हाथ जोड़े किसी तरह भावनाओं को नियंत्रित करने में लगे थे। मन में यहीं भावना थी कि गुरूदेव की अमृत वाणी का झरना भीलवाड़ा में निरन्तर बहता रहे लेकिन ये भी जानते थे कि चातुर्मास समाप्ति पर संत को आगे जाने ही पड़ता है इसलिए केवल यहीं भावना जता रहे थे गुरूदेव हमे भूलमत जाना ओर लौट कर जल्दी वापस भीलवाड़ा आना। असीम आस्था, श्रद्धा एवं भावनाओं से ओतप्रोत ये नजारा शास्त्रीनगर स्थित सूर्यमहल में ऐतिहासिक चातुर्मास सम्पन्न करने के बाद राष्ट्र संत मनोज्ञानचार्य पुलकसागर महाराज ससंघ की विदाई की बेला में सामने आया। विदाई से पूर्व पिच्छिका परिवर्तन की भावपूर्ण रस्म हुई। संघ समाज एवं श्रावकों ने श्रद्धाभाव से आचार्य ससंघ को नई पिच्छिका प्रदान की तो आचार्य पुलकसागर ने पुरानी पिच्छिकाएं चातुर्मास में श्रेष्ठतम सेवाएं देने वाले श्रावक श्राविकाओं को प्रदान की। आचार्यश्री की पिच्छिका चातुर्मास समिति के अध्यक्ष प्रवीण चौधरी को प्रदान की गई।







संत नगर से जा सकते है पर भक्त का हृदय छोड़कर नहीं

आचार्य पुलकसागर महाराज ने विदाई से पूर्व अंतिम देशना में भीलवाड़ावासियों की भक्ति भावना व सेवाओं की अनुमोदना करते हुए कहा कि संत नगर से जा सकते है पर अपने कोई महात्मा या परमात्मा भक्त का हृदय छोड़कर नहीं जा सकते। जब भी याद करोंगे अपने दिल में पाओंगे। हमारे यहां पूजा के साथ चातुर्मास का भी विसर्जन होता है। जोड़ना, छोड़ना महावीर का संदेश है। उन्होंने सभी को आशीर्वाद प्रदान करते हुए सभी के लिए मंगलकामनाएं की ओर गीत के माध्यम से मन के भाव व्यक्त करते हुए कहा कि ''मीत मेर दो विदा में जा रहा हूं, प्रेम सब का साथ में ले जा रहा हूं''। गुरूदेव की इन पंक्ति यों ने कई नयनों को नम कर दिया ओर श्रद्धा से हाथ जुड़ते गए। आचार्यश्री ने कहा कि मेरी वाणी या व्यवहार से किसी के मन को ठेस लगी हो तो सम्पूर्ण ससंघ की तरफ से क्षमायाचना की।

भक्तों की दिन रात अथक सेवाओं से ऐतिहासिक बना चातुर्मास

समारोह में स्वागत उद्बोधन में चातुर्मास समिति के अध्यक्ष प्रवीण चौधरी ने कहा कि ये चातुर्मास सभी पदाधिकारियों, सदस्यों एवं भक्तों की





दिन रात अथक सेवाओं से ऐतिहासिक बन पाया। उन्होंने चातुर्मास को सफल बनाने में प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रूप से सेवाएं प्रदान करने वालों का आभार व्यक्त किया। किसी भी तरह की अविनय असाधना हुई तो आचार्य ससंघ से क्षमायाचना की।

समारोह में सांसद, महापौर सहित कई जनप्रतिनिधि रहे मौजूद

समारोह में विशिष्ट अतिथि सांसद दामोदर अग्रवाल, नगर निगम महापौर जसवंत कंवर, उप महापौर राधेश्याम सोमानी, सकल दिगम्बर जैन समाज के गौरवाध्यक्ष तिलोकचंद छाबड़ा, समाजसेवी महावीरसिंह चौधरी, जिनशरमण ट्रस्ट के ट्रस्टी प्रदीप मामा, प्रतिभा मामी, नीलकमल अजमेरा, सीमा फाढोत आदि अतिथियों के साथ चातुर्मास समिति के पदाधिकारियों ने चातुर्मास को सफल बनाने में सहयोग प्रदान करने वाले सदस्यों एवं कार्यकर्ताओं का सम्मान किया।

चातुर्मास समिति अध्यक्ष चौधरी समाजरत्न उपाधि से अलंकृत

आचार्य पुलकसागर महाराज ने इस अवसर पर श्री पुलकसागर चातुर्मास समिति के अध्यक्ष प्रवीण चौधरी को उनकी समर्पित भाव से प्रदान अतुलनीय सेवाओं के लिए समाजरत्न उपाधि से अलंकृत करने की घोषणा की तो पांडाल करतल ध्वनि से गूंज उठा। आचार्यश्री ने प्रवीण चौधरी की सेवाओं की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने पूरे समाज को एक सूत्र में पिराने के साथ दिन रात सेवाएं इस चातुर्मास को सफल बनाने के लिए प्रदान की। वह ऐसे व्यक्तिव है जिनसे सम्मान भी सम्मानित होता है। चौधरी का जिनशरणम ट्रस्ट एवं पुलकमंच परिवार की ओर से भी सम्मान किया गया। सकल दिगम्बर जैन समाज भीलवाड़ा एवं श्री पुलकसागर चातुर्मास समिति, श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर ट्रस्ट शास्त्रीनगर की ओर से उनकी सेवाओं का सम्मान करते हुए सम्मान पत्र भेंट किया गया। आचार्यश्री ने चातुर्मास समिति के संयोजक मनीष शाह को जिनशरणम ट्रस्ट का ट्रस्टी बनाने की भी घोषणा की। समारोह में ऐतिहासिक भीलवाड़ा चातुर्मास की यादे सहजने के लिए निर्मित स्मारिका भीलवाड़ा चातुर्मास-2026 का विमोचन भी आचार्यश्री के सानिध्य में अतिथियों द्वारा करके उसे आचार्यश्री को समर्पित किया गया।

आचार्यश्री ससंघ ने किया सूर्यमहल से विहार

पिछली परिवर्तन समारोह सम्पन्न होते ही आचार्यश्री ससंघ ने सूर्यमहल से विहार कर दिया। उनके साथ सैकड़ों श्रद्धालु भी विहार यात्रा में शामिल थे। आचार्य पुलकसागर महाराज ससंघ शास्त्रीनगर जैन मंदिर दर्शन कर सिंधुनगर, राजीव गांधी चौराहा, महाराणा टॉकिज, माणिक्यनगर होते हुए पुराने भीलवाड़ा के जैन मंदिर के दर्शन कर तिलकनगर क्षेत्र स्थित यश विहार पहुंचे। विहार मार्ग में जगह-जगह श्रद्धालु एवं शहरवासी आचार्यश्री की वंदना कर आशीर्वाद पाने के लिए आतुर नजर आए। विहार यात्रा में आचार्यश्री भूल न जाना लौट के जल्दी भीलवाड़ा आना के जैसे नारे गूंजायमान होते रहे। यश विहार से सोमवार सुबह 7 बजे विहार कर कोटड़ी रोड स्थित दिनेश गोधा के फार्महाउस पर आहारचर्या करेंगे। चातुर्मास आयोजन समिति ने सभी श्रद्धालुओं एवं भक्तों से पूज्य आचार्यश्री के विदाई समारोह को एतिहासिक यादगार बनाने के लिए पहुंचने की अपील की है।

आचार्य श्री के समक्ष प्रस्तुत हुआ दैनिक लोकजीवन का चातुर्मास संकलन

पत्रकारिता और अध्यात्म के अनूठे संगम के तहत, दैनिक लोकजीवन समाचार पत्र के प्रधान संपादक कैलाश त्रिवेदी ने जैन संत आचार्य पुलक सागर जी महाराज से सविनय भेंट की। इस आध्यात्मिक मिलन के दौरान श्री त्रिवेदी ने आचार्य श्री के पावन चातुर्मास काल में दैनिक लोकजीवन के पृष्ठों पर प्रकाशित तमाम धार्मिक, सामाजिक और प्रेरणादायी खबरों का एक सुंदर व व्यवस्थित संकलन फोल्डर के रूप में उन्हें ससम्मान भेंट किया। आचार्य पुलक सागर जी महाराज ने इस विशेष फोल्डर को आत्मीयता से देखा और पत्रकारीय सेवाओं की मुक्त कंठ से सराहना करते हुए अपनी प्रसन्नता जाहिर की। इस पावन अवसर पर आचार्य श्री ने प्रधान संपादक कैलाश त्रिवेदी को जनहित और धर्म-प्रसार के इस कार्य को निरंतर आगे बढ़ाने के लिए अपना मंगलमय आशीर्वाद प्रदान किया।

विधायक मीणा के प्रयासों से जहाजपुर को मिलेगी बनास के पानी की सौगात

25 करोड़ की पेयजल योजना का कार्य धरातल पर प्रगति पर, 10 कुओं,2 पंप हाउस एवं 4 टंकियों का चल रहा निर्माण 5 कुओं का निर्माण ओर 12 किलोमीटर राइजिंग लाइन बिछाने का कार्य पूर्ण

भगवत सिंह टाक
लोकजीवन न्यूज सर्विस, जहाजपुर

बजट घोषणा वर्ष 2025-26 के तहत जहाजपुर के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों की वर्षों पुरानी पेयजल समस्या के स्थायी समाधान के उद्देश्य से 25 करोड़ की महत्वपूर्ण पेयजल योजना स्वीकृत की गई थी।

विधायक गोपीचंद मीणा के निरंतर प्रयासों एवं क्षेत्र की पेयजल समस्या के समाधान के प्रति उनकी प्रतिबद्धता के परिणामस्वरूप यह महत्वाकांक्षी योजना अब धरातल पर आकार लेने लगी है। योजना के पूर्ण होने पर नगर पालिका क्षेत्र के बोरानी, सहलादाता एवं लक्ष्मीपुरा राधिका बाड़ा सहित ग्रामीण क्षेत्र के धाधोला, सरसिया, पीपलूंद, रिको क्षेत्र एवं भवानीपुरा को सीधे लाभ मिलेगा। योजना के माध्यम से बनास नदी का पानी इन क्षेत्रों तक पहुंचाया जाएगा, जिससे लंबे समय से पेयजल समस्या का सामना कर रहे ग्रामीण





एवं शहरी क्षेत्र के लोगों को बड़ी राहत मिलेगी।

विधायक गोपीचंद मीणा की पहल और विभागीय अधिकारियों के समन्वित प्रयासों से जहाजपुर क्षेत्र में पेयजल व्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में यह महत्वपूर्ण कार्य आगे बढ़ रहा है। योजना की संपूर्ण डीपीआर तैयार करने से लेकर तकनीकी रूपरेखा एवं कार्यों को धरातल पर गति देने में विभाग के सहायक अभियंता सुनील बंजारा की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। उन्होंने योजना की डीपीआर तैयार करने एवं इसके क्रियान्वयन के लिए लगातार मेहनत करते हुए महत्वपूर्ण योगदान दिया है। वर्तमान में योजना के तहत 10 कुओं, 2 पंप हाउस एवं 4 टंकियों का निर्माण किया जाना है। अब तक 10 में से 5 कुओं का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है। दोनों पंप हाउस का निर्माण कार्य प्रगतिरत है तथा बोरानी में पानी की टंकी का निर्माण कार्य भी आकार लेने लगा है। इसके अतिरिक्त 250 एमएम व्यास की लगभग 12 किलोमीटर राइजिंग लाइन बिछाने का कार्य पूर्ण किया जा चुका है। योजना के शेष कार्य भी प्रगतिरत हैं। योजना पूर्ण होने के पश्चात जहाजपुर के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति व्यवस्था को मजबूती मिलेगी तथा क्षेत्रवासियों को बनास नदी के पानी का लाभ मिल सकेगा।

इनका कहना है

विधायक गोपीचंद मीणा के प्रयासों से स्वीकृत यह योजना जहाजपुर क्षेत्र के लिए पेयजल व्यवस्था में एक महत्वपूर्ण पहल है। इसके पूर्ण होने से क्षेत्र के अनेक गांवों एवं शहरी आबादी को लंबे समय से चली आ रही पेयजल समस्या से राहत मिलने की उम्मीद है।

सुनील बंजारा, सहायक अभियंता जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, जहाजपुर

भगवान बिरसा मुंडा के बलिदान को किया नमन

जल-जंगल-जमीन की रक्षा का संकल्प

लोकजीवन न्यूज सर्विस, भीलवाड़ा



भगवान बिरसा मुंडा की 151वीं जयंती पर जिला परिषद सभागार में जनजाति गौरव दिवस का जिला-स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिला कलक्टर जसमीत सिंह संधू के निर्देशन में आयोजित कार्यक्रम में जिला परिषद के अधीक्षण अभियंता रामलाल भील, प्रशासनिक अधिकारी पवन शर्मा एवं योगेश विजयवर्गीय ने बिरसा मुंडा के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। वक्ताओं ने उनके जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुए उनके द्वारा चलाए गए उलगुलान आंदोलन और जल-जंगल-जमीन की रक्षा के लिए दिए गए उनके अद्वितीय बलिदान को याद किया।

योजना प्रभारी मनीष भट्ट ने बताया कि इस अवसर पर जिले में समस्त शिक्षा कार्यालयों, पंचायत समिति, ग्राम पंचायत स्तर पर एलईडी स्क्रीन के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जनजाति गौरव दिवस से संबंधित मुख्य कार्यक्रम के संबोधन का जीवंत प्रसारण (लाइव स्ट्रीमिंग) किया गया, जिसे उपस्थित सभी लोगों ने देखा। अतिरिक्त विकास अधिकारी कन्हैयालाल तड़बा, सहायक विकास अधिकारी काबरा, सहायक प्रशासनिक अधिकारी शोभालाल तेली, अभिषेक न्याति, निरंजन बूलिया, दीक्षा मीणा, गोविंद शर्मा, भानूप्रकाश प्रजापत अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। जिले के विद्यालयों एवं जनजाति आश्रम छात्रावासों में जनजाति गौरव दिवस के उपलक्ष्य में विभिन्न प्रतियोगिताओं (चित्रकला, निबंध, खेलकूद, कुश्ती दौड़ आदि) का आयोजन भी किया गया।

शिक्षा से बदलेगा भविष्य, राउंड टेबल इंडिया एवं लेडीज सर्किल इंडिया ने 28 वर्षों में बनाए 10,668 क्लासरूम

11.7 मिलियन बच्चों तक पहुंचाई शिक्षा की रोशनी, 4,108 प्रोजेक्ट के जरिए देशभर में किया शैक्षणिक विकास का कार्य

लोकजीवन न्यूज सर्विस, भीलवाड़ा

शिक्षा के माध्यम से बच्चों का भविष्य संवारने और समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के उद्देश्य से राउंड टेबल इंडिया एवं लेडीज सर्किल इंडिया पिछले 28 वर्षों से देशभर में निरंतर कार्य कर रहा है। संस्था का मुख्य उद्देश्य जरूरतमंद बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करवाना और स्कूलों में आधारभूत संसाधनों का विकास करना है।

संस्था की ओर से जारी जानकारी के अनुसार, पिछले 28 वर्षों में देशभर में 10,668 क्लासरूम का निर्माण किया गया है। वहीं 4,108

राउंड टेबल इंडिया एवं लेडीज सर्कल इंडिया

कक्षाओं का निर्माण, अस्पतालों को नई जिंदगी

परियोजनाओं के माध्यम से करीब 41.6 लाख वर्गफीट क्षेत्र में शैक्षणिक भवनों का निर्माण करवाया गया। इन प्रयासों से अब तक लगभग 1.17 करोड़ बच्चों को लाभ पहुंचा है। संस्था ने शिक्षा के क्षेत्र में करीब 592 करोड़ रुपए का निवेश किया है। राउंड टेबल इंडिया एवं लेडीज सर्किल इंडिया ने शिक्षा के क्षेत्र में 100 प्रतिशत पारदर्शिता, सामुदायिक सहभागिता और समर्पित पेशेवरों एवं नेतृत्वकर्ताओं के माध्यम से कार्य करने का दावा करता है। संस्था की कार्यप्रणाली में प्रशासनिक खर्च को न्यूनतम रखने पर विशेष जोर दिया जाता है। संस्था का मानना है कि आज बनाया गया एक अतिरिक्त क्लासरूम आने वाली पीढ़ियों के लिए बेहतर भविष्य का आधार बन सकता है।

इसी सोच के साथ संस्था कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत कंपनियों और सामाजिक संगठनों को शिक्षा विकास के कार्यों से जुड़ने के लिए प्रेरित कर रही है। एक क्लासरूम आज, उज्ज्वल भविष्य अनगिनत। शिक्षा के माध्यम से हर बच्चे को बेहतर अवसर उपलब्ध करवाना ही संस्था का प्रमुख संकल्प है।

वैश्विक संकट के बीच ओस्तवाल ग्रुप के मजबूत वित्तीय नतीजे

भीलवाड़ा। वैश्विक उर्वरक संकट के मध्य कच्चे माल की कमी के बावजूद भी ओस्तवाल ग्रुप की फ़र्टिलाइज़र उत्पादन इकाइयों ने न केवल उत्पादन वद्धि की, साथ ही मज़बूत वित्तीय नतीजे घोषित किए। इस साल उर्वरक उद्योग के लिए सबसे बड़ी चुनौती कच्चे माल की महँगाई और आपूर्ति में रुकावट रही। पश्चिम एशिया संकट ने वैश्विक सप्लाई चेन को बुरी तरह प्रभावित किया। मार्च 2026 की शुरुआत में एलएनजी आपूर्ति, शिपिंग रूट और आयात में रुकावट से भारत के उर्वरक क्षेत्र पर दाम का दबाव बढ़ा। इन कठिन परिस्तितियों में ओस्तवाल ग्रुप की इकाइयों मध्य भारत एग्रो प्रोडक्ट लिमिटेड एवं कृष्णा फोस्केम लिमिटेड ने मज़बूत वित्तीय नतीजे घोषित किये। 7 सितंबर 2026 को समाप्त तिमाही में मध्य भारत एग्रो प्रोडक्ट लिमिटेड कंपनी का टर्नओवर 59% बढ़कर 715 करोड़ रुपये दर्ज किया गया है जो पिछले वर्ष की इसी तिमाही में 450 करोड़ रुपये था। कंपनी का ऑपरेटिंग प्रॉफिट 107 प्रतिशत बढ़कर 128 करोड़ रुपये दर्ज किया गया जो पिछले वर्ष की इसी तिमाही में 62 करोड़ रुपये था । नेट प्रॉफिट 155 प्रतिशत बढ़कर 78 करोड़ रुपये दर्ज किया गया जो पिछले वर्ष की इसी तिमाही में 30 करोड़ रुपये था। वही कृष्णा फोस्केम लिमिटेड कंपनी का टर्नओवर 16 प्रतिशत बढ़कर 703 करोड़ रुपये दर्ज किया गया है जो पिछले वर्ष की इसी तिमाही में 608 करोड़ रुपये था। कंपनी का ऑपरेटिंग प्रॉफिट 74 प्रतिशत बढ़कर 127 करोड़ रुपये दर्ज किया गया जो पिछले वर्ष की इसी तिमाही में 73 करोड़ रुपये था । नेट प्रॉफिट 135 प्रतिशत बढ़कर 78 करोड़ रुपये दर्ज किया गया जो पिछले वर्ष की इसी तिमाही में 33 करोड़ रुपये था। कंपनी के चेयरमैन एम. के. ओस्तवाल ने बताया वित्त वर्ष 2027 की पहली छमाही हमारे व्यावसायिक मॉडल की मजबूती और हमारी एकीकृत विनिर्माण परिसंपत्तियों की सुदृढ़ता का प्रमाण रही। पश्चिम एशिया में भू-राजनीतिक तनाव, आपूर्ति श्रृंखला में व्यवधान, कच्चे माल की कीमतों में उतार-चढ़ाव तथा मानसून के असमान वितरण जैसी चुनौतियों के बावजूद, मज़बूत वित्तीय नतीजे अनुशासित कार्यान्वयन, परिचालन दक्षता और हमारे व्यवसाय की मजबूत बुनियादी क्षमताओं को दर्शाती है। रबी 2026-27 सीजन के लिए पोषक तत्व आधारित सब्सिडी योजना के अंतर्गत सरकार द्वारा 62,370 करोड़ की मंजूरी उर्वरक क्षेत्र को नीतिगत समर्थन प्रदान करती है तथा किसानों के लिए पोषक तत्वों की उपलब्धता और किफायती दरों पर आपूर्ति सुनिश्चित करने की प्रतिबद्धता को और मजबूत करती है। इस अवधि के दौरान कच्चे माल की लागत का रुझान मिला-जुला रहा। फॉस्फोरिक एसिड और सल्फर की कीमतें ऊंचे स्तर पर बनी रहीं, अमोनिया की कीमतों में मामूली नरमी आई, जबकि रॉक फॉस्फेट की कीमतें मोटे तौर पर स्थिर रहीं। प्रमुख कच्चे माल की कीमतों में संभावित नरमी आने वाली तिमाहियों में परिचालन मार्जिन को और मजबूती प्रदान कर सकती है।

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक सम्पादक मुद्रक कैलाश त्रिवेदी द्वारा लोकजीवन मीडिया एण्ड पब्लिशर्स, नागौरी गार्डन भीलवाड़ा से मुद्रित एवं 207-214 नागौरी गार्डन, लोकजीवन कॉम्पलेक्स, भीलवाड़ा से प्रकाशित। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र भीलवाड़ा ही होगा। आर.एन.आई. नं. 27201/76 पोस्टल रजि. नं. भीलवाड़ा/103/2024-2026, (मो.) 83067-92625 फोन नं. 355985, जयपुर कार्यालय : D-38, प्रधान पथ, चौमू हाउस, सी स्कीम, जयपुर फोन : 0141-4038281, E-mail : lokjeewan@gmail.com

आज का विचार

चिरप्रतिद्वन्दी पाक के साथ कोई भी मुकाबला रोमांच से भरपू रहता है मानो खिलाड़ी नहीं पूरा देश खेल रहा हो। यहीं भाव विजयी बनाता है।

शिवकुमार त्रिवेदी चिंतन सरिता

दैनिक
लोकजीवन

पाक के जबड़े से छीन लाये जीत ...

भारत का सबसे लोकप्रिय खेल क्रिकेट आम लोगों में पहली पसंद है। यहीं कारण है कि जनता लगातार किसी न किसी प्रतियोगिता या सीरिज का आनन्द लेने से नहीं चूकती। अब तो हालात यह हे कि न केवल पुरूष बल्कि महिला क्रिकेट में भी भारतीय खिलाड़ियों की लोकप्रियता चरम पर है क्योंकि महिला पुरूष टीमें तो विश्व खिताब जीत ही चुकी। साथ ही अण्डर-19 वर्ग ने भी भारत का नाम रोशन किया है। इसलिए सभी आयु वर्ग के खिलाड़ी जनता की पसंद बन चुके है। युवा क्रिकेट खिलाड़ी 15 वर्षीय वैभव सूर्यवंशी की विस्फोटक बल्लेबाजी ने उन्हें सबसे कम उम्र में देश की टी-20 टीम का हिस्सा बनाया तो अभी बिहार की टी-20 टीम में बतौर कप्तान नया रिकार्ड बना चुके है। वे 15 वर्ष के पहले टी-20 कप्तान बनने का गौरव हासिल कर चुके है। आईपीएल में उन्हें 6 पुरूस्कारों से नवाजा गया। सर्वाधिक रन बनाकर ओरेंज केप जीतने के साथ ही सर्वाधिक 72 छक्के लगाकर पिछले सभी रिकार्ड तोड़ दिये। भारतीय क्रिकेट की स्टार खिलाड़ी हरमन प्रीत कौर का जयपुर स्थित हिस्टोरिका म्यूजियम बैक्स स्टेच्यू लगाया गया। उन्होंने कहा कि महिला टीम के विश्व कप जीत से बदल रहा है परिदृश्य अब महिला क्रिकेट के मैच भी हाउसफुल रहते है।

क्रिकेट का कोई मैच पाकिस्तान के साथ अहम होता है एशिया कप-अण्डर 19 भी इससे अलग नहीं रहा। अल अमीरात में भारत के छोटे खिलाड़ियों ने फाइनल मैच में कमाल का प्रदर्शन कर पाकिस्तान के जबड़े से जीत छीन कर 9वीं बार टूर्नामेंट जीतने का गौरव हासिल किया। पाकिस्तान के 337 रन के जवाब में 49.6 ओवर में 339 रन बनाकर एशिया कप एक विकिट से जीत लिया। एक समय लग रहा था कि मैच भारत के हाथों से निकल गया है। लेकिन मनल चौहान और मोहित उल्वा ने सारा खेल पलट दिया। आखरी ओवरों में तेजी से खेलते हुए 57 रनों की पार्टनरशिप की अन्त में मोहित ने चौका लगाकर जीत दिलाई। उन्होंने 49 रन बनाये। रोमांचक फाइनल मुकाबले में एक समय भारत की उम्मीदें लगभग टूट चुकी थी लेकिन 10वें नम्बर पर बल्लेबाजी करने उतरे मोहित ने सिर्फ 26 गेंदों पर नाबाद 49 रन ठोककर जीत भारत की झोली में डाली दी। भारत को आखरी ओवर में 8 रन और आखरी गेंद पर 3 रनों की जरूरत थी तब मोहित ने आखरी गेंद पर चौका लगाकर भारत को चेम्पियन बना दिया। आवश्यकता इस बात की है कि देश के लिए कप जीतने वाले युवाओं को प्रोत्साहित करने में किसी प्रकार की कसर नहीं छोड़ी जाय। क्योंकि ये भी भविष्य के स्टार खिलाड़ी बनने वाले है।

कड़वी घूंट

-सूरज

मतदान का बहिष्कार ...

विरोध करना जनता का अधिकार है और सभी प्रयास विफल होने के बाद आहत जनता ऐसे अवसर की तलाश में रहती है जब लोगों की नाराजगी असहयोग और बहिस्कार के रूप में सामने आये। बहिष्कार का निर्णय भले ही अपने अधिकार को छोड़ने वाला होता है लेकिन प्रशासन को अवश्य विवश कर देता है कि समाधान की दिशा में कदम उठाया जाय।

विपरित इसके चुनाव के अवसर पर चुनाव आयोग प्रशासन व राजनीतिक दलों का प्रयास होता है कि लोग मतदान करने अवश्य पहुंचे। किसी को पसंद नहीं भी करते हो तो नोटा को वोट दें लेकिन वोट जरूर दें। परन्तु गांव या क्षेत्र बहिष्कार का फैसला लेता है बिना जोर जबरदस्ती के स्वैच्छापूर्वक कोई भी मतदान करने नहीं पहुंचता है।

हां पंचायत चुनावों में भी बहिष्कार की घटनाएं सामने आई। अंतिम दौर में बारां जिले के छबड़ा के मुंडक्या और मुडकी गांवों ने अंधेरी सिंचाई परियोजना के डूब क्षेत्र में प्रभावितों का दुबारा सर्वे करवा कर मुआवजे की मांग पूरी नहीं होने से नाराज ग्रामीण मतदान केन्द्र तक नहीं पहुंचे और यहां शून्य मतदान की स्थिति रही। जबकि कई जिलों में समझाइश के बाद सहमत भी हुए। अब यह आप जानो कि बहिष्कार के बावजूद नतीजे तो प्रभावित नहीं होंगे लेकिन प्रशासन को उनकी मांगों पर विचार के लिए विवश अवश्य किया जा सकेगा।

जैसी हमारी दृष्टि होगी, वैसी ही सृष्टि नजर आएगी - आचार्य शास्त्री

कान्हा की बाल लीलाओं और गोवर्धन पूजा पर झूमे श्रद्धालु, सजी छप्पन भोग की झांकी

लोकजीवन न्यूज सर्विस, भीलवाड़ा

छोटी हरणी स्थित हनुमान टेकरी (काठियाबाबा आश्रम) पर आयोजित श्रीमद् भागवत कथा महोत्सव के पांचवें दिन रविवार को भगवान श्रीकृष्ण की मनमोहक बाल लीलाओं और गोवर्धन पूजा के प्रसंगों ने उपस्थित श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।



इस दौरान पूरा पांडाल गिरिराज धरण के जयकारों से गूंज उठा। कथावाचक गौरक्षक आचार्य महेंद्र कृष्ण शास्त्री ने व्यासपीठ से अपने प्रवचन में कहा कि जीवन में जैसी हमारी दृष्टि होगी, वैसी ही सृष्टि नजर आएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि अच्छे को सब अच्छा और बुरे को सब बुरा ही दिखाई देता है। आचार्य शास्त्री ने भजन और भोजन दोनों को जीवन के लिए अनिवार्य बताते हुए कहा कि भजन से आत्मा और भोजन से शरीर का पोषण होता है। मनुष्य को जीवन में भजन, सेवा और पुण्य करने में कभी भी विलंब नहीं करना चाहिए तथा काया व माया का अभिमान त्यागकर जीवन सार्थक बनाना चाहिए। कथा के दौरान भगवान श्रीकृष्ण द्वारा गोवर्धन पर्वत धारण करने का जीवंत प्रसंग सुनाया गया, जिससे देवराज इंद्र का अभिमान नष्ट हुआ। इस प्रसंग पर श्रद्धालुओं ने उत्साह के साथ गिरिराज धरण के जयकारे लगाए। पांचवें दिन के इस पावन अवसर पर भगवान को छप्पन भोग अर्पित कर भव्य झांकी सजाई गई, जिसके दर्शन के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। कथा के अंत में महामंडलेश्वर केशवशरण काठियाबाबा, सांसद दामोदर अग्रवाल सहित कई संत-महात्माओं और गणमान्य नागरिकों ने व्यासपीठ की आरती की। आयोजकों ने बताया कि कथा के छठे दिन सोमवार को उद्धव चरित्र, रुक्मणी मंगल और रास पंचाध्यायी के प्रसंगों का वाचन किया जाएगा, तथा शाम को भजन संध्या का आयोजन होगा।

शाहपुरा व फुलिया कला पंचायत समिति में कौन होगा प्रधान?

शाहपुरा। राजनैतिक गलियारों में चर्चा गर्म हो रही बातो ही बातो में किसी को जीता रहे तो किसी को हरा रहे है देखना होगा कौन? मारेगा बाजी। शाहपुरा पंचायत समिति में सामान्य महिला वर्ग है व फुलिया कला में ऐ सी महिला प्रधान वर्ग की है लेकिन जनप्रतिनिधि द्वारा शाहपुरा पंचायत समिति में सामान्य महिला को प्रत्याशी नहीं बनाकर सामान्य वर्ग की महिला पर न्याय किया।जिला भाजपा संगठन एवं प्रदेश संगठन स्थिति को स्पष्ट करें । क्या भाजपा संगठन में शाहपुरा पंचायत समिति के ग्राम पंचायत में सामान्य वर्ग की महिला नहीं है । या जनप्रतिनिधि द्वारा अन्य महिला को प्रधान बनाने का क्या उद्देश्य है । जिला परिषद सदस्य की बात करे भाजपा जिला महामंत्री अविनाश जीनगर, पूर्व उप प्रधान बजरंग सिंह, संत राम विश्वास रामस्नेही, कांग्रेस में महावीर नायक, रामगोपाल सेन, महादेव गुर्जर की चर्चा हे कौन मारेगा बाजी? वही प्रधान की दौड़ में कुछ समय से विधायक लालाराम बैरवा के सम्पर्क में आये सीताराम जाट की प% बदाम जाट कांग्रेस से ममता कुमावत का नाम प्रमुखता से प्रधान के लिए नाम आ रहा है। फुलिया कला पंचायत समिति ए सी महिला के लिए रिजर्व हे वहा की चर्चा करे तो कोई प्रमुख नाम नहीं उभर रहा हे भाजपा और कांग्रेस तीन रिजर्व वार्ड से प्रत्याशी लडा रही हे उनमे से जो जीतता हे और बहुमत किसको मिलता हे यह देखना होगा। वैसे फुलिया कला से भाजपा से राधा देवी बैरवा और शांति देवी खटीक के नाम की चर्चा हे और यही हॉट सीट होंगी कनेछन कला और सांगरिया...। ग्रामीण क्षेत्र में चर्चा है कि जो परिणाम राजनीतिक दल भाजपा ,कांग्रेस में नगर पालिका में आए है वहीं परिणाम शाहपुरा एवं फुलिया कला की ग्राम पंचायत में परिणाम आने की संभावना है। यह तो आने वाली 20 तारीख को ही स्थिति स्पष्ट होगी लेकिन बताया जा रहा है कि फुलिया कला एवं शाहपुरा में प्रधान कांग्रेस का हो सकता है।

उगते सूर्य को अर्घ्य देकर खुशहाली की कामना की



गुलाबपुरा । परदेसी कमेटी के तत्वावधान में सोमवार को खारी नदी तट पर छठ पर्व के उपलक्ष्य में उगते सूर्य को अर्घ्य देकर व्रतधारियों ने पूजा अर्चना की। रविवार शाम डूबते सूर्य को अर्घ्य देकर पूजा की गई। छठ पूजा के पर्व पर पालिका चेयरमैन प्रतिनिधि राजाराम वैष्णव ने भी छठ मैय्या की पूजा अर्चना की। बिहार, यूपी , उत्तराखंड की महिलाओ ने बैंड बाजों के साथ बांस की टोकरी सर पर रखकर पूजन सामग्री लेकर खारी नदी किनारे उगते हुए सूर्य को अर्धय दिया। छठ पूजा कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि राजाराम वैष्णव, पालिका उपाध्यक्ष रामदेव खारोल, मंडल अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह राठौड़, पार्षद इन्दर चंद चपलोत, कान्ता सोमानी, पारस वैष्णव, पार्षद प्रतिनिधि, महेंद्र सिंह जामोला, राहुल चोरडिया, अविनाश मेवाडा, पीयूष मेवाडा इत्यादी ने शुभकामनाएं दी। इस दौरान कमेटी के तेजनारायण, मदनसिंह, अर्जुन, शैलेन्द्र सिंह, आदि ने सभी का स्वागत किया।

हर माह शहर में निकलेगी जागरूकता रैली

साइकिल क्लब का दीपावली स्नेह मिलन समारोह सम्पन्न

लोकजीवन न्यूज सर्विस, भीलवाड़ा

साइकिल क्लब के तत्वावधान में रविवार को 200 फीट रोड स्थित क्लब सदस्य के निजी फार्म हाउस पर दीपावली स्नेह मिलन समारोह हर्षोल्लास से मनाया गया।

क्लब प्रभारी अरुण संतोष मुछाल ने बताया कि समारोह के दौरान सभी सदस्यों ने एक-दूसरे को शुभकामनाएँ दीं। इस खुशनुमा माहौल में साइकिल क्लब के सदस्यों ने साइकिल के पैडल पर पैर चलाने के साथ-साथ भजनों एवं गीतों के मधुर संगीत पर पैर थिरकाए और गायन व संगीत का आनंद उठाया। स्नेह मिलन समारोह के साथ-साथ क्लब की आगामी गतिविधियों और सामाजिक सरोकारों पर भी विस्तृत विचार-विमर्श किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया



कि स्वास्थ्य एवं पर्यावरण संरक्षण का संदेश देने के उद्देश्य से अब हर माह नियमित रूप से शहर में साइकिल जागरूकता रैली निकाली जाएगी। साथ ही, सदस्यों ने आमजन को भी स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करते हुए अधिक से अधिक लोगों को इस साइकिल अभियान से जोड़ने का संकल्प लिया। इस अवसर पर क्लब के सदस्य राकेश सक्सेना, सुरेश बंब, अरुण संतोष मुछाल, यश झुर्रानी, डॉ. देवेंद्र पुरी गोस्वामी, मधुसूदन शर्मा, लाजपत आचार्य, भूपेंद्र मोगरा, मनोहर डुमोलिया, संदीप सिन्हा, गजानंद बजाज, भंवर शर्मा, सत्यनारायण राठी, रामचंद्र मूंदड़ा, लिलाराम आडवाणी, मुकेश सामरिया, अंकित जोशी, मुकेश कुमावत एवं अजीत नंदावत सहित अनेक साइकिल क्लब सदस्य उपस्थित थे।

काशीपुरी धाम बाबा श्याम को लगाया अन्नकूट का भोग



लोकजीवन न्यूज सर्विस, भीलवाड़ा

बाबा श्याम के जयकारों और भक्तिमय वातावरण के बीच रविवार को श्याम मंदिर काशीपुरी धाम में श्री श्याम सेवा समिति की ओर से अन्नकूट महोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

मंदिर परिसर में भक्ति और आस्था का अनूठा संगम देखने को मिला। बाबा श्याम की विशेष पूजा-अर्चना कर उन्हें अन्नकूट का भोग अर्पित किया गया। इसके पश्चात श्रद्धालुओं को अन्नकूट का प्रसाद वितरित किया गया। बड़ी संख्या में श्याम प्रेमियों ने बाबा के दर्शन कर प्रसाद ग्रहण किया। समिति अध्यक्ष सुरेश पोद्दार ने बताया कि अन्नकूट महोत्सव हमारी धार्मिक एवं सांस्कृतिक परंपराओं का प्रतीक है। बाबा श्याम के चरणों में अन्नकूट का भोग अर्पित कर सभी के सुख, समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की गई। समिति के मीडिया प्रभारी पंकज अग्रवाल ने बताया कि बाबा श्याम के प्रति श्रद्धालुओं की अटूट आस्था ही ऐसे धार्मिक आयोजनों की सबसे बड़ी प्रेरणा है। अन्नकूट महोत्सव केवल प्रसाद वितरण का आयोजन नहीं, बल्कि सेवा, समर्पण और सामूहिक भक्ति का पर्व है।

पूर्वांचल जन चेतना समिति ने हर्षोल्लास से मनाया छठ महापर्व

लोकजीवन न्यूज सर्विस, भीलवाड़ा

लोक आस्था, पवित्रता एवं सूर्य उपासना के महापर्व छठ का चार दिवसीय आयोजन पूर्वांचल जन चेतना समिति द्वारा मानसरोवर झील, नेहरू तलाई घाट पर श्रद्धा, भक्ति एवं अनुशासन के साथ सम्पन्न हुआ। समापन के अवसर पर आज प्रातःकाल हजारों व्रती महिलाओं ने उगते हुए सूर्य देव भगवान को अर्घ्य अर्पित कर महापर्व का समापन किया।

समिति की अध्यक्ष अर्चना दुबे ने बताया कि छठ महापर्व केवल व्रत नहीं, हमारी आस्था, संस्कृति और पूर्वांचल की पहचान है। सभी श्रद्धालुओं का आशीर्वाद और सहयोग ही हमारी सबसे बड़ी ताकत है। छठी मैया सभी के जीवन में सुख, शांति और समृद्धि बनाए रखें। दुबे ने सभी श्रद्धालुओं से आशीर्वाद लिया एवं नगर विकास न्यास व नगर निगम का आभार व्यक्त किया। इससे पूर्व संध्या को व्रती महिलाओं ने



डूबते हुए सूर्य देव भगवान को अर्घ्य दिया था। पूर्वांचल की परम्परा, रीति-नीति एवं आस्था के अनुसार व्रती महिलाओं ने बांस के सूप में ठेकुआ, कसार, फल-फरूट, गन्ना, नारियल, केला, सेब, संतरा, नींबू, शरीफा, सिंघाड़ा, हल्दी, अदरक, पान-सुपारी, दीया-बाती, दूध, जल एवं जूस सहित सभी पारम्परिक पूजन सामग्री से सूर्य देव को अर्घ्य अर्पित किया। सम्पूर्ण घाट छठी मैया के जयकारों, छठ गीतों एवं भक्ति भाव से गूंज उठा। समिति द्वारा घाटों पर श्रद्धालुओं के लिए सभी प्रकार की व्यवस्थाएं की गई थीं। साफ-सफाई, लाइट, पेयजल, बैठने की व्यवस्था, सुरक्षा एवं घाटों तक सुगम आवागमन की पूरी व्यवस्था की गई, ताकि किसी भी श्रद्धालु को किसी प्रकार की दिक्कत-तकलीफ न हो। समिति के सभी पदाधिकारियों ने तन-मन से सेवा कार्य किया। इस अवसर पर पूर्वांचल के लाखों श्रद्धालु घाटों पर पहुंचे और सूर्य देव भगवान का आशीर्वाद लिया। सभी ने देश, प्रदेश एवं अपने शहर में सुख-शांति, समृद्धि एवं खुशहाली के लिए प्रार्थना की। इस दौरन जितेंद्र झा, महेंद्र झा, राजदेव सिंह, धर्मेंद्र लखारा, प्रकाश चंद सोनी, संजीत भारद्वाज, सुनीता प्रजापत, अर्जुन झा, अशोक मिश्रा, सुनील सिंह, शुभंकर झा, मुरारी झा, किशन सोनी, किशन झा सहित सभी पदाधिकारी मौजूद थे।

सड़क हादसों में जान गंवाने वालों को दी गई श्रद्धांजलि

जिला परिवहन कार्यालय में मनाया राज्य सड़क सुरक्षा दिवस

लोकजीवन न्यूज सर्विस, शाहपुरा

जिला परिवहन कार्यालय में रविवार को वर्ल्ड रिमेम्बरेन्स डे और राज्य सड़क सुरक्षा दिवस के अवसर पर वाहन दुर्घटनाओं में अपनी जान गंवाने वाले अहतियातन और बेकसूर व्यक्तियों की याद में एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस संवेदनशील कार्यक्रम में परिवहन कार्यालय के समस्त अधिकारियों, कर्मचारियों, सुरक्षाकर्मियों के साथ-साथ कस्बे के गणमान्य नागरिक भी बड़ी संख्या में सम्मिलित हुए।

कार्यक्रम का शुभारंभ परिवहन निरीक्षक रामराज द्वारा मोमबत्तियां प्रज्वलित कर किया गया। इसके उपरांत उपस्थित सभी सदस्यों ने दिवंगतों की तस्वीरों पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी और सड़क हादसों में असमय जान गंवाने वाले लोगों को स्मरण किया। कार्यालय के सूचना सहायक उमेश मीणा ने इस अवसर पर सड़क दुर्घटनाओं की विभीषिका और उनसे होने वाले सामाजिक व पारिवारिक नुकसान पर



प्रकाश डालते हुए अपने विचार रखे। उन्होंने उपस्थित सभी लोगों से यातायात नियमों का गंभीरता से पालन करने और सुरक्षित वाहन चलाने की पुरजोर अपील की। कार्यक्रम के अंतिम चरण में कार्यालय परिसर में मौजूद सभी नागरिकों और कर्मचारियों ने सड़क सुरक्षा की सामूहिक शपथ ग्रहण की। वक्ताओं ने एक स्वर में यह संकल्प लिया कि वे सड़क पर चलते समय पूरी सतर्कता बरतेंगे और दूसरों को भी सुरक्षित यातायात के प्रति जागरूक करेंगे। इस गरिमामयी और प्रेरणादायी आयोजन का मुख्य उद्देश्य सड़क हादसों में कमी लाने के साथ-साथ आमजन में सुरक्षा के प्रति जवाबदेही और संवेदना जगाना था।

फुटबॉल प्रशिक्षण शिविर में युवाओं ने दिखाई रुचि

शाहपुरा। स्थानीय ईदगाह मैदान पर फुटबॉल प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ हुआ, जिसमें क्षेत्र के लगभग 50 उभरते हुए खिलाडियों ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर दो टीमों में बांटकर एक रोमांचक मैत्रीपूर्ण मुकाबला खेला गया। मैच से पहले पूर्व राज्य स्तरीय खिलाड़ी बाबू खां, सेवानिवृत्त हेड कांस्टेबल चिराग खां, अंजुमन शरीफिया स्कूल के प्रिंसिपल सैयद सदाक़त अली और इमाम मौलाना निसार ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उन्हें खेल की बारीकियों से अवगत कराया। अतिथियों ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि खेल शारीरिक व मानसिक विकास के साथ अनुशासन सिखाते हैं। इस दौरान एसडीपीआई पार्षद यूसुफ सिलावट, मानवाधिकार कार्यकर्ता शब्बीर आज़ाद, एडवोकेट ताज मोहम्मद, एनआरआई सत्तार खान और अध्यापक रफीक रंगरेज सहित कई वरिष्ठ खेल प्रेमी उपस्थित रहे। कार्य म के अंत में अतिथियों ने शिविर को निरंतर जारी रखने और भविष्य में एक फुटबॉल अकादमी स्थापित करने का आश्वासन दिया, जिससे स्थानीय प्रतिभाओं को बेहतर मार्गदर्शन मिल सके।

विरासतों के रक्षण के लिए नगर निगम का मिलेगा पूर्ण सहयोग- महापौर जसवंत कंवर

लोकजीवन न्यूज सर्विस, भीलवाड़ा

इण्डियन नेशनल ट्रस्ट फॉर आर्ट एण्ड कल्चरल हेरिटेज भीलवा?ा चेप्टर द्वारा रविवार को होटल नंदिनी में आयोजित दीपावली स्नेहमिलन एवं सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में महापौर जसवन्त कंवर ने कहा कि इन्टेक द्वारा विरासतों के संरक्षण हेतु किये जा रहे कार्यों में नगर निगम द्वारा उन्हें पूर्ण सहयोग प्रदान किया जायेगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए उपमहापौर राधेश्याम सोमानी ने भीलवाड़ा की प्राकृतिक एवं कृत्रिम विरासतों के संरक्षण में इन्टेक भीलवाड़ा चेप्टर द्वारा किये जा रहे उल्लेखनीय कार्यों की प्रशंसा की। कन्वीनर बाबूलाल जाजू ने बताया कि प्रारंभ में इन्टेक सदस्यों आर.एल. दरगड़, ओमप्रकाश हींगड़, रामगोपाल अग्रवाल, अब्बास अली बोहरा, नीतू गोयल, सुशीला जाजू एवं सुशीला



जोशी द्वारा महापौर जसवन्त कंवर एवं उपमहापौर राधेश्याम सोमानी का अभिनन्दन किया। कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले इन्टेक सक्रिय सदस्य बिलेश्वर डाड, संदीप पोरवाल एवं मुकेश अजमेरा का महापौर जसवन्त कंवर एवं उपमहापौर सोमानी द्वारा शॉल, पगड़ी एवं दुपट्टा ओढ़ाकर सम्मान किया गया। को-कन्वीनर श्यामसुंदर जोशी ने संस्था का परिचय दिया, वहीं कार्यक्रम संयोजक सीए दिलीप गोयल ने कार्यक्रम का संचालन किया। आभार इन्टेक पदाधिकारी गुमानसिंह पीपाड़ा ने व्यक्त किया। इस अवसर पर इन्टेक सदस्य सुरेश सुराणा, राकेश बम्ब, राजकुमार बुलिया, हरकलाल विश्नोई, गौरव सोनी, राजीव दाधीच, आशीष पोरवाल, सिताक्षी पोरवाल, आशा दरगड़, ऋतु दाधीच सहित अनेक सदस्य मौजूद थे।

नागोरी गार्डन में महापौर व उप महापौर का किया अभिनंदन

लोकजीवन न्यूज सर्विस, भीलवाड़ा

लाभ पंचमी के अवसर पर नागोरी गार्डन व्यापार मंडल एवं वार्ड संख्या 29 के निवासियों द्वारा महापौर जसवंत कंवर तथा उप महापौर राधेश्याम सोमाणी का अभिनंदन किया गया। व्यापार मंडल के मंत्री ओम कोठारी ने बताया कि इस अवसर पर महापौर और उप महापौर के नागोरी गार्डन आगमन पर वार्ड के समग्र विकास के मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई। व्यापार मंडल अध्यक्ष राकेश मानसिंघा ने दोनों जनप्रतिनिधियों को क्षेत्र की प्रमुख समस्याओं से अवगत कराते हुए उनके त्वरित समाधान की मांग रखी। उन्होंने नियमित रूप से नालियों व सड़कों की साफ-सफाई, खराब रोड लाइटों की मरम्मत तथा पार्कों के समुचित रखरखाव का निवेदन किया। इसके अतिरिक्त, नागोरी गार्डन



के प्रमुख व्यावसायिक क्षेत्र होने के कारण यहां सुव्यवस्थित पार्किंग व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा चाट-पकौड़ी के ठेलों द्वारा किए जा रहे अतिक्रमण से आए दिन होने वाली सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने की मांग भी प्रमुखता से उठाई गई। कार्यक्रम के दौरान वार्डवासियों ने सीवरेज सिस्टम की नाकामी के कारण क्षेत्र में फैल रही गंदगी और बीमारियों के प्रति गहरा आक्रोश व्यक्त करते हुए महापौर से शीघ्र राहत दिलाने का आग्रह किया। इस मौके पर गणपत पारीख, राकेश पामेचा, ओम प्रकाश सेन सहित सैकड़ों की संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

पीपलूंद गांव में गले में रस्सी का फंदा फंसने से बालक की मौत

भीलवाड़ा। जहाजपुर थाना क्षेत्र के पीपलूंद गांव में घर पर खेलते समय एक 13 वर्षीय बालक के गले में अचानक रस्सी का फंदा फंस जाने से उसकी असामयिक मौत हो गई, जिससे पूरे गांव में मातम पसर गया है। जहाजपुर थाना क्षेत्र के पीपलूंद निवासी विकास (13) पुत्र राजू गुर्जर अपने घर पर ही खेल रहा था. खेलते-खेलते अचानक उसके गले में रस्सी का फंदा फंस गया।


सिंघावल आरटीडीसी पर मनाया विश्व स्मृति दिवस

बिजयनगर । संभागीय चालक प्रशिक्षण केन्द्र सिंघावल पर विश्व स्मृति दिवस पर (वर्ल्ड रिमेंबरेंस डे) मनाया गया। सड़क दुर्घटनाओं में मारे गए लोगों



को श्रद्धांजलि दी गई द्य संयुक्त राष्ट संघ द्वारा घोषित है राजस्थान सड़क सुरक्षा सोसायटी ने की है सोसायटी के प्रयासों से वर्ष 2021 में राज्य सरकार ने इस दिन को राज्य सड़क सुरक्षा दिवस घोषित किया गया । सेन्टर की प्रबन्ध संस्थान वाहन चालक कौशल विकास संस्थान सिंगावल के सचिव ने बताया कि इस ट्रेनिंग सेन्टर की स्थापना के पीछे भी एक सड़क दुर्घटना है जो वर्ष 2002 में भीलवाड़ा में घटित हुई जिसमें ऋतु चौहान के 23 वर्षीय भाई अजय सिंह चौहान की मौत हो गई । मेरा तो गया लेकिन और किसी का भाई ऐसे सड़क हादसों में अपनी जान ने गँवाए इसके लिए कुशल चालक तैयार करने के लिए भारत सरकार एनवं राजस्थान सरकार के साथ मिलकर यह सेन्टर स्थापित है । इस सेन्टर केमाध्यम से पिछले 2.5 वर्षों में 50 हजार से अधिक व्यक्ति लाभान्वित हो चुके हैं यही उन लोगों के प्रति श्रद्धांजलि है । दुर्घटना पीड़ितों के परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की गई तथा सड़क दुर्घटनाओं में घायलों की मदद करने वालों के प्रति आभार व्यक्त किया गया । इस दौरान प्रशिक्षक कैलाश सैनी , लेखाकार नरेन्द्र शर्मा सहित अन्य व्यक्ति उपस्थित रहे ।

मनमोहक भोले



मन भोले में इतना लागा,
नहीं कहीं कोई थी बाधा,
जीवन सरस सरल बनाया,
बस मैनें भोले को ध्याया।
मन भोले में ...
हलचल-सी थी मन में मेरे,
कहां रहेंगे भोले मेरे,
जब अंतस में झांका मैंने,
मुझे दिखे वहां भोले-भोले।
मन भोले में ....
बहुतेरे रंगों ने आकर,
अपनी-अपनी जगह बनाई,
मैंने सुंदर-सी भोले की,
मनमोहक एक छवि बनाई।
मन भोले में ...
आज नहीं कल की कोई चिंता,
बात ये सबको बतलाई,
भोले से जुड़ गया हूं इतना,
कर ली है सब खरी कमाई।
मन भोले में ...
आओ सत्य कर्म के पथ पर,
हम अपने सब कदम बढ़ाएं,
भोले के बन कर अनुगामी,
अपना-अपना भाग जगाएं।
मन भोले में ....

कार्तिकेय कुमार त्रिपाठी राम
इन्दौर (म.प्र.)

नारी संस्कृति संरक्षण और राष्ट्र उत्थान की सशक्त संवाहक - जाट

अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ का जिला महिला सम्मेलन आयोजित

लोकजीवन न्यूज सर्विस, शाहपुरा

अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ राजस्थान, जिला शाहपुरा के तत्वावधान में आदर्श विद्या मंदिर, गाडरी खेड़ा में जिला महिला संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस सम्मेलन में महिलाओं ने एकजुट होकर सामाजिक और सांस्कृतिक मूल्यों, महिला सशक्तिकरण तथा समाज में समरसता के महत्व पर गहन विचार-विमर्श किया। कार्यक्रम के प्रथम सत्र में मुख्य वक्ता सेवानिवृत्त प्रकोष्ठ की प्रदेश सहसंयोजक सुशीला जाट ने कहा कि ऐसे सम्मेलनों का मुख्य उद्देश्य महिला कार्यकर्ताओं में आत्मीयता, सक्रियता और नेतृत्व क्षमता का विकास करना है, जिससे वे राष्ट्र व समाज निर्माण में अपनी प्रभावी



भूमिका निभा सकें। नारी केवल परिवार की आधारशिला ही नहीं, बल्कि संस्कृति संरक्षण और राष्ट्र उत्थान की सशक्त संवाहक भी है। द्वितीय सत्र में एबीआरएसएम कॉलेज शिक्षा की प्रदेश उपाध्यक्ष शोभा गौतम ने वीरांगना रानी पद्मावती के जीवन पर चर्चा करते हुए उनके स्वाभिमान, साहस, त्याग, नारी गरिमा और सांस्कृतिक चेतना के आदर्शों को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि रानी पद्मावती का व्यक्तित्व नई भारतीय नारी के लिए गौरवशाली इतिहास और अदम्य संकल्प की प्रेरणा है। तृतीय सत्र में जिला महिला मंत्री शांति धाभाई ने महिलाओं के समक्ष आ रही चुनौतियों, उनके समाधान और उनके सामाजिक अधिकारों पर विचार रखे। कार्यक्रम का मंच संचालन भी शांति धाभाई द्वारा किया गया। इस अवसर पर जिला महिला संगठन मंत्री चंद सुवालका, सचिव अंबिका धाभाई, संयुक्त मंत्री प्रिया सोनी, नयन बाला सोमानी, सावित्री नामा, प्रियंका शर्मा और अनीता ताखर सहित कई महिला पदाधिकारी उपस्थित थीं। सम्मेलन के पश्चात जिला अध्यक्ष संजीव कुमार शर्मा की अध्यक्षता में जिला कार्यकारिणी की बैठक संपन्न हुई। जिला मंत्री अमर सिंह चौहान ने बताया कि बैठक में आगामी 23-24 दिसंबर को आयोजित होने वाले प्रदेश शैक्षिक सम्मेलन की तैयारियों और उसके सफल आयोजन को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में जिला कोषाध्यक्ष शांतिलाल पोकरण, दुर्गा शंकर शर्मा, दिनेश शर्मा, घनश्याम मीणा, सीताराम चौधरी, संजय त्रिपाठी सहित अनेक गणमान्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

कार्यालय नगर निगम, भीलवाड़ा (राज.)

क्रमांक / न.नि.भी./ राजस्व/2026/15322 दिनांक 05/11/2026


आम सूचना

श्री सत्यनारायण माली पुत्र श्री मूलचन्द माली को **नगर परिषद भीलवाड़ा** द्वारा **श्यामनगर बाबाधाम रोड योजना** में स्थित **आवासीय भूखण्ड सं. 10 साईज 25''X54'3''+51'6''/2 = 147.08 वर्गगज** का 99 वर्षीय लीज होल्ड राईटस् पर दिया गया था। उक्त भूखण्ड वर्तमान में **श्रीमती सीमा सुवालका पत्नी श्री कमलेश सुवालका** के नाम से नामान्तरित होकर दर्ज है। उक्त भूखण्ड **श्रीमती सीमा सुवालका पत्नी श्री कमलेश सुवालका** ने **श्री लोकेश शर्मा पुत्र श्री रोशनलाल शर्मा** को पंजीकृत विक्रय किया गया। LSG/BHILWARA/MUT/2025-26/215405 से ऑनलाईन आवेदन किया गया। **श्री लोकेश शर्मा पुत्र श्री रोशनलाल शर्मा** ने निगम् में ऑनलाईन आवेदन के साथ शपथ-पत्र, पंजीकृत विक्रय-पत्र व पूर्व में जारी नामान्तरण आदेश की फोटो प्रति अपलोड कर उपरोक्त भूखण्ड का नामान्तरण हेतु निवेदन किया है। जिस पर स्वायत शासन विभाग की अधिसुचना क्रमांकः प.8 (ग) (1) नियम / डी.एल.बी./20/39126 दिनांक 15/01/2020 के अनुसार भुखण्ड का नामान्तरण किया जाना है।

अतः समस्त खास आम को सूचित किया जाता है कि पंजीकृत विक्

न्यूज इन बाक्स

श्री कृष्ण गौसेवा उपचार केंद्र में पुर्सनानी ने भेंट की 54 हजार की राशि



भीलवाड़ा। हरनी महादेव, मंगरोप रोड स्थित होटल श्रीलोक के पास संचालित श्री कृष्ण गौसेवा उपचार केंद्र में सेवा कार्य संपन्न हुआ। इस गौसेवा केंद्र में बीमार, दुर्घटनाग्रस्त एवं निराश्रित गोवंश का उपचार एवं देखभाल की जाती है। भीलवाड़ा मार्केट ग्रुप के फाउंडर, कवर किंग मोबाइल चेन स्टोर के मालिक एवं श्री हरनी महादेव मंदिर कमेटी के सदस्य नितिन पुर्सनानी द्वारा जयपुर, उदयपुर एवं भीलवाड़ा स्थित स्टोर्स पर गौमाता की सेवा हेतु रखी गई दान पेटियों में प्राप्त कुल 54 हजार 632 की राशि श्री कृष्ण गौसेवा उपचार केंद्र को अध्यक्ष उदय लाल सोमरवाल को सुपुर्द की। पुर्सनानी का इस कार्य एवं गौमाता की सेवा के प्रति समर्पण के लिए आभार व्यक्त किया गया।

800 किलो हरी सब्जियों से सजा बालाजी महाराज का अन्नकूट, श्रद्धालुओं में बंटी महाप्रसादी



गुलाबपुरा। मंसापूर्ण बालाजी मंदिर में श्रद्धा और भक्ति के साथ अन्नकूट महोत्सव मनाया गया। मंसापूर्ण बालाजी मंडल, महिला मंडल एवं बाल मंडल के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में बालाजी महाराज को 800 किलो हरी सब्जियों, 60 किलो चावल एवं 60 किलो चवले का भोग अर्पित किया गया।मंदिर पुजारी उमाशंकर शर्मा के सानिध्य में विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई। इसके बाद भगवान को भोग लगाकर श्रद्धालुओं में महाप्रसादी वितरित की गई।मंडल के हरीश शर्मा ने बताया कि अन्नकूट महोत्सव में श्रद्धालुओं ने उत्साह और श्रद्धाभाव से भाग लिया। लखन लखारा व श्रीमति सोनु लखारा के परिवार द्वारा बालाजी को गाजे बाजे आतिशबाजी व ढोल नगाड़े द्वारा 56 भोग लगाया गया।

विष्णु स्वरूप में गरुड़ पर विराजे सांवरिया सेठ

भीलवाड़ा। नौगांवा की माधव गौशाला के श्री सांवरिया सेठ मंदिर में भगवान श्री सांवरिया सेठ का रविवार को अत्यंत मनमोहक और अलौकिक श्रृंगार किया गया। मंदिर ट्रस्ट संरक्षक डीपी अग्रवाल एवं सचिव कैलाश डाड ने बताया कि इस पावन अवसर पर भगवान ने विष्णु भगवान का दिव्य स्वरूप धारण किया और अपने अनन्य भक्त एवं वाहन गरुड़ भगवान पर विराजमान होकर भक्तों को दर्शन दिए। इस दुर्लभ और भव्य झांकी को देखकर मंदिर पहुंचे श्रद्धालु मंत्रमुग्ध हो गए। अलौकिक श्रृंगार के इस दृश्य ने भक्तों के मन को असीम शांति और आनंद से भर दिया। बड़ी संख्या में पहुंचे भक्तों ने भगवान सांवरिया सेठ के चरणों में हाजिरी लगाकर पुण्य लाभ कमाया।

घरों की मिठाइयों से सजा छप्पन भोग, बनारस की तर्ज पर की महाआरती

भीलवाड़ा। भारत विकास परिषद, स्वामी विवेकानंद शाखा के तत्वावधान में दीपावली स्नेह मिलन एवं छप्पन भोग का आयोजन हुआ। शाखा अध्यक्ष गिरीश अग्रवाल ने बताया कि नौगांवा सांवरिया सेठ के प्रांगण में आयोजित इस स्नेह मिलन की सबसे अनूठी विशेषता यह रही कि इसमें शहरवासियों के घरों से प्रेमपूर्वक तैयार करके लाई गई विभिन्न मिठाइयों से सामूहिक रूप से छप्पन भोग सजाया गया, जिसमें विशेष रूप से कदम भात का भोग भी अर्पित किया गया। दोपहर बाद शुरू हुई भजन संध्या में गायक सत्तू दादा रायला ने एक से बढ़कर एक भजनों की सरिता बहाकर उपस्थित श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस दौरान उत्तर प्रदेश के बनारस के गंगा तट की तर्ज पर हुई भव्य महाआरती इस आयोजन का मुख्य आकर्षण रही, जिसमें सभी ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान गौ माता के महत्व, सेवा और गौ परिक्रमा पर भी विस्तृत जानकारी दी गई।

प्राकृतिक चिकित्सा पर विशेष संगोष्ठी 18 को

भीलवाड़ा। भारत विकास परिषद, स्वामी विवेकानंद शाखा के तत्वावधान में 18 नवंबर को सुबह 9 बजे भारत विकास भवन में एक स्वस्थ परिवार (प्राकृतिक चिकित्सा एवं बिना दवा के जीवन शैली) विषय पर विशेष संगोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। इस सत्र में भिवंडी से आ रहे विख्यात ओजस फाउंडेशन के मुख्य वक्ता अतुल शाह प्राकृतिक चिकित्सा के माध्यम से बिना दवाइयों के स्वस्थ रहने के अचूक उपाय साझा करेंगे। परिषद के पदाधिकारियों ने नगरवासियों से इन आयोजनों में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की है।

गोपालद्वारा में गूंजे राम नाम के जयकारे

भीलवाड़ा। शहर के बड़े मंदिर के पास स्थित श्री गोपालद्वारा में आध्यात्म, संगीत और भक्ति का त्रिवेणी संगम देखने को मिला। श्री रामधाम रामायण मंडल ट्रस्ट और श्री रामायण मंडल, सांगानेर के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित सामूहिक रामायण पाठ और धार्मिक अनुष्ठान हर्षोल्लास के साथ सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। शुरुआत रामायण पाठ के साथ हुई, जिसके बाद रामायण की अंत्याक्षरी स्पर्धा ने विशेष आकर्षण पैदा किया। युवा से लेकर बुजुर्ग तक सभी ने इसमें उत्साहपूर्वक भाग लिया। इसके साथ ही मधुर भजन-कीर्तन, हनुमान चालीसा, श्री रामायण जी के पांच दोहों का विशेष वाचन और गीता पाठ ने पूरे प्रांगण को राममय बना दिया। ट्रस्ट के अध्यक्ष सूर्यप्रकाश मानसिंहका एवं सचिव अभिषेक अग्रवाल ने श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त किया।

उड़ान क्लब ने दिवाली स्नेह मिलन मनाया

भीलवाड़ा। उड़ान क्लब की ओर से हाल ही में क्लब संरक्षिका प्रतिभा मानसिंहका की अध्यक्षता में एक निजी रिसोर्ट में दिवाली स्नेह मिलन समारोह हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम के तहत सदस्यों द्वारा रिसोर्ट के हॉल को झिलमिल लाइट्स, दीपकों और सुंदर रंगोली से भव्य रूप से सजाया गया था। समारोह की शुरुआत में आशा अग्रवाल ने सभी मेंबर्स को तिलक लगाकर और उपहार भेंट कर आत्मीय स्वागत किया।

एक नजर कृपा की कर दो, लाड़ली श्रीराधे...प्रतिभाओं ने बिखेरा जादू









सारस्वत समाज के आनंद उत्सव में बिखरी सांस्कृतिक छटा

लोकजीवन न्यूज सर्विस, भीलवाड़ा

'एक नजर कृपा की कर दो, लाड़ली श्रीराधे, भक्तों की झोली भर दो लाड़ली श्रीराधे' ये भजन जब शास्त्रीय गायिका युक्ति ओझा (दिल से ब्रजवासी) ने ब्रजभाव भरा भजन सुनाया तो सभी भक्ति की धारा में डूब गए। अवसर था सारस्वत सेवा मंडल द्वारा कोटा रोड स्थित यश विहार में आयोजित सारस्वत ब्राह्मण समाज के दीपावली स्नेह मिलन 'आनंद उत्सव-26' का।

युक्ति ओझा ने 'कीजो केसरी के लाल मेरा छोटा सा ये काम, मेरी रामजी से कह देना जय सियाराम' भजन सुनाया तो श्रोताओं ने भी तालियां बजाते हुए गाकर साथ दिया। इससे पूर्व, महोत्सव की शुरुआत उदयपुर के मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट मनीष जोशी के मुख्यातिथ्य में भगवान गणेश की वंदना से हुई।

उत्सव का मुख्य आकर्षण समाज की युवा और बाल प्रतिभाओं की सांस्कृतिक प्रस्तुतियां रही। म्हारा मेवाड़ रा महाराणा ने खम्मा रे खम्मा भजन पर ज्योत्सना, सविता, दीपिका, सुरभि व तान्या ने सामूहिक रूप से डांस किया। नृसिंह अवतार पर लघु नाटिका रुद्राक्ष, युग, युवाक्षी, पूर्वा, रिधव, इनाया, प्रियाक्षी, अनाया ने प्रस्तुत की। इसमें भक्त प्रहलाद की भक्ति से प्रसन्न होकर ठाकुर जी का खंभ फाड़ प्रकट होना और हिरण्यकश्यप का अंत करना दर्शाया गया, जिसे सभी ने सराहा।

वेलकम टू राजस्थान डांस दिव्यांशा ओझा, पूर्वा सारस्वत, पूजा ओझा, जान्हवी अर्पिता ने पेश किया। मानवी सारस्वत ने जब जिद पे आ गई पार्वती, इनाया, अनाया, आर्याही, प्रणवी, प्रियांक्षी, आराध्या, रिथव, जयदित्य, अयांश ने गोविंदा आलारे पर डांस, कृत्रिका सारस्वत ने आयो रे शुभ दिन आयो, जयदित्य पाठक ने काला चश्मा, यशस्वी व लक्षिता ओझा ने पैरोडी पर, ज्योत्सना व दीपिका ने चल रे चल पर, खुशबू सारस्वत ने पैरोडी पर डांस प्रस्तुतियां दीं। दीपेश शर्मा ने आरंभ ही प्रचंड है भजन, प्रणवी ने वेद सार शिव स्तोत्रम, शगुन शर्मा ने कंचन वाली काया रे तथा दिव्यांशा ओझा ने समाज पर कविता सुनाई। अर्वि व अर्वित पाठक ने श्लोक पाठ किया। इससे पूर्व विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताएं भी हुई, जिसमें युवाओं ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

मां दधिमथी मंदिर में धूमधाम से मनाया अन्नकूट महोत्सव





लोकजीवन न्यूज सर्विस, भीलवाड़ा

दाधीच समाज न्यास एवं मां दधिमथी मंदिर कमेटी के संयुक्त तत्वावधान में आजादनगर स्थित मां दधिमथी मंदिर में अन्नकूट महोत्सव धूमधाम से मनाया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ भजन संध्या से हुआ। दीपा दाधीच, सुरभि दाधीच, अनुष्का, ओम जोशी पोटला, दिलीप, नीरज तिवाड़ी, आशुतोष, पंकज पंचोली, सत्यनारायण एवं मंगल सहित अनेक कलाकारों ने एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुतियां दीं। भजनों की मधुर धुनों पर मंदिर परिसर में मौजूद श्रद्धालु भावविभोर होकर झूमने एवं नृत्य करने लगे। मीडिया प्रभारी दीपक शर्मा ने बताया कि महाआरती के पश्चात भगवान को अन्नकूट का भोग लगाया गया। दाधीच समाज न्यास अध्यक्ष हरिप्रकाश कंठ एवं मां दधिमथी मंदिर कमेटी अध्यक्ष हीरालाल ओझा ने आभार जताया।

महोत्सव में जिला दाधीच मंडल अध्यक्ष राजमल जोशी कांदा, न्यास उपाध्यक्ष घनश्याम शर्मा, महामंत्री हार्दिक कुदाल, अखिल भारतीय दाहिमा दाधीच महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष सावित्री शर्मा, जिला दाधीच मंडल महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष रेखा कुदाल, जिला दाधीच मंडल महामंत्री सत्यदेव त्रिपाठी, अशोक जोशी, मनीष भट्ट, कला कुदाल, लोकेश भट्ट,राहुल शर्मा रमेश चंद्र शर्मा, रामपाल शर्मा, दिलीप, जुगलकिशोर, लाजपत आचार्य, सुबोध कंठ, मंजू शर्मा, संजय, संजय शर्मा अश्विनी जोशी ,लोकेश आसोपा, नारायण शर्मा, दिलीप शर्मा, मनीष,जुगल दाधीच, गणपत शर्मा आदि उपस्थित रहे।

नृत्यांगना स्तुति बिड़ला का एशिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में नाम दर्ज



भीलवाड़ा । रमा कत्थक संस्थान, भीलवाड़ा की नृत्यांगना स्तुति बिड़ला पुत्री सुनीता - सत्यनारायण बिड़ला ने एशिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में अपना नाम दर्ज करवाया है। इससे पूर्व स्तुति ने इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में भी अपना नाम दर्ज करवा चुकी। उन्होंने पूर्व निर्धारित 26 सेकंड 20 मिलीसेकंड के रिकॉर्ड समय को पीछे छोड़ते हुए मात्र 18 सेकंड 89 मिलीसेकंड में हस्त मुद्राओं का अद्भुत प्रदर्शन पूर्ण कर नया कीर्तिमान स्थापित किया। स्तुति बिड़ला पिछले दस वर्षों से कत्थक गुरु रमा पचीसिया के निर्देशन में कत्थक का प्रशिक्षण प्राप्त कर रही हैं। स्तुति बिड़ला की यह सफलता न केवल उनकी व्यक्ति गत उपलब्धि है, बल्कि भारतीय शास्त्रीय नृत्य परंपरा की समृद्धि और नई पीढ़ी में उसके प्रति बढ़ते समर्पण का भी प्रेरणादायी उदाहरण है।

पुरस्कृत शिक्षकों की निकलेगी स्मारिका हर ब्लॉक से एक शिक्षक का होगा सम्मान

पुरस्कृत शिक्षक फोरम ने लिया निर्णय

लोकजीवन न्यूज सर्विस, भीलवाड़ा



पुरस्कृत शिक्षक फोरम की जिला इकाई द्वारा गायत्री ज्ञान मंदिर परिसर में दीपावली स्नेह मिलन एवं बैठक का आयोजन किया गया। शुभारंभ हरीश पंवार व्याख्याता की मधुर शास्त्रीय संगीत की प्रस्तुति के साथ हुआ। अध्यक्षता फोरम के जिलाध्यक्ष जगदीश चन्द्र शर्मा ने की। मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. रामेश्वर प्रसाद जीनगर जिला शिक्षा अधिकारी प्रारम्भिक रहे। जिला सचिव डॉ. परमेश्वर प्रसाद कुमावत ने बताया कि इस अवसर पर सत्र 2025-2026 में राज्य स्तर पर सम्मानित हुए राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय पांसल (सुवाणा) के प्राध्यापक अनिल कुमार उपाध्याय, सेवानिवृत्त होने वाले शिक्षक हरीश पंवार व्याख्याता एवं रोशन लाल देवपुरा शारीरिक शिक्षक का अभिनंदन किया गया। सदस्यों ने शैक्षिक उन्नयन और संगठन की मजबूती के लिए कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की। जिले के राष्ट्रीय एवं राज्य पुरस्कृत शिक्षकों पर आधारित स्मारिका का प्रकाशन एवं जिले के प्रत्येक ब्लॉक से एक उत्कृष्ट शिक्षक का चयन कर जिला बैठक में सम्मानित करने का प्रस्ताव पारित किया गया। इस हेतु डॉ.रमेश अगनानी,सांवल ओझा,मुकेश कुमावत,कल्पना शर्मा, डॉ. परमेश्वर कुमावत एवं हरीश पंवार को शामिल किया गया। ब्लॉक स्तर पर उत्कृष्ट शिक्षक का चयन फोरम के सदस्यों और शिक्षा विभाग के अधिकारियों द्वारा समग्र मूल्यांकन के आधार पर किया जाएगा। मुख्य अतिथि डॉ. रामेश्वर प्रसाद जीनगर जिला शिक्षा अधिकारी प्रारम्भिक और अध्यक्ष जगदीश चन्द्र शर्मा ने सभी शिक्षकों को शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर नवाचार करने का मार्गदर्शन प्रदान किया। मुकेश कुमार गुप्ता जिला साक्षरता अधिकारी, नीता रावत,देवी लाल बलाई, सूर्य प्रकाश पाराशर,बलवीर सिंह,मिश्री लाल खारोल,कन्हैया लाल वर्मा,बबल कुमार उपस्थित रहे।

रोडवेज की बदहाल व्यवस्था! कांकरोली-नाथद्वारा में बंद पड़ी टिकट बुकिंग खिड़कियां

लोकजीवन न्यूज सर्विस, राजसमंद



राजस्थान रोडवेज को घाटे से उबारने और यात्रियों को बेहतर सुविधाएं देने के दावे तो लगातार किए जाते हैं, लेकिन राजसमंद जिले में रोडवेज की व्यवस्थाएं ही सवालों के घेरे में हैं। जिले के प्रमुख बस स्टैंड कांकरोली और नाथद्वारा पर स्थित टिकट बुकिंग खिड़कियां पिछले कई दिनों से बंद पड़ी हैं। इसके चलते दूसरे शहरों की यात्रा करने वाले यात्रियों को टिकट के लिए परेशानी उठानी पड़ रही है और मजबूरन निजी बसों का सहारा लेना पड़ रहा है।

हैरानी की बात यह है कि दीपावली के बाद राजसमंद और नाथद्वारा में बड़ी संख्या में पर्यटक पहुंचते हैं। ऐसे में यात्रियों की आवाजाही बढ़ने के बावजूद दोनों प्रमुख बस स्टैंडों पर टिकट बुकिंग की सुविधा बंद होना रोडवेज की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े करता है। यदि बुकिंग खिड़कियां नियमित रूप से संचालित हों तो अधिक यात्री रोडवेज बसों में सफर कर सकते हैं, जिससे निगम को राजस्व भी मिल सकता है। लेकिन वर्तमान हालात में यात्री निजी बसों की ओर रुख करने को मजबूर हैं। इस संबंध में रोडवेज के सहायक प्रबंधक प्रहलाद वर्मा से जानकारी लेने पर उन्होंने बताया कि बुकिंग काउंटरों पर अनुबंधित कर्मचारियों की व्यवस्था की गई है, लेकिन टिकट बुकिंग के लिए उपयोग में आने वाली एटीएम मशीन खराब होने के कारण काम प्रभावित है। मशीन खराब होने की सूचना जयपुर मुख्यालय को दे दी गई है, लेकिन अभी तक नई मशीन उपलब्ध नहीं करवाई गई है। मशीन उपलब्ध नहीं होने से बुकिंग का काम रुका हुआ है। अब सवाल यह है कि महज एक मशीन खराब होने के कारण कई दिनों तक दो प्रमुख बस स्टैंडों की टिकट बुकिंग व्यवस्था कैसे ठप रह सकती है? एक ओर राजस्थान रोडवेज घाटे से उबरने के प्रयासों की बात करता है, वहीं दूसरी ओर यात्रियों को टिकट सुविधा नहीं मिलने से वे निजी बसों में सफर करने को मजबूर हैं। ऐसे में कांकरोली और नाथद्वारा की बुकिंग खिड़कियां कब शुरू होंगी और यात्रियों को राहत कब मिलेगी, यह जिम्मेदार अधिकारियों के जवाब का इंतजार कर रहा है। उधर अधिकारियों का कहना है कि नाथद्वारा, कांकरोली की बुकिंग खिड़कियां एटीएम मशीन का नया वर्जन आने तक बंद है पुरानी मशीन खराब हो गई इसलिए जयपुर भिजवाई गई है। यात्रियों को परेशानी हो रही है मगर आगे से मशीने नहीं आई है। बुकिंग काउंटर पर अनुबंध लोगों को लगा रखा है मगर मशीन नहीं है।

भारत विकास परिषद भवन पर आयोजित हुए सेवा कार्य

भीलवाड़ा। भारत विकास परिषद, स्वामी विवेकानंद शाखा के तत्वावधान में परिषद भवन पर नियमित सेवा प्रकल्पों के तहत विभिन्न चिकित्सा शिविर व सेवा कार्य आयोजित किए गए। सचिव केजी सोनी ने बताया कि प्रातःकालीन योग शिविर के बाद काढ़ा वितरण किया गया। शिविर में 58 मरीजों को डायबिटिक दवा का वितरण तथा 52 मरीजों की ब्लड प्रेशर एवं शुगर की जांच की गई। इसके अलावा फिजियोथैरेपी क्लीनिक में डॉ. वर्षा काबरा द्वारा रोगियों को, बालकृष्ण पारीक द्वारा एक्यूप्रेशर सेवाएं और अन्य सहयोगियों द्वारा जरूरतमंदों को स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की गईं। इन सेवा कार्यों को सफल बनाने में जगदीश काबरा, जगदीश नाराणीवाल, अतुल शाह, बालकिशन पारीक एवं वंदना अग्रवाल का विशेष सहयोग रहा। उल्लेखनीय है कि शाखा द्वारा मेडिकल उपकरण बैंक के अंतर्गत ऑक्सीजन कंसंट्रेटर, व्हीलचेयर, फोल्डिंग बेड, नेबुलाइजर और फेलगम सक्शन मशीनें भी रोगियों को निःशुल्क उपलब्ध कराई जा रही हैं।

भारत नें ओमान में किया पाक का मान-मर्दन

(अंडर 19 एशिया कप क्रिकेट)



ओमान। दिल की धड़कनों के असंयत होने के लिए हमारे स्वास्थ्य का खराब होना जरूरी नहीं है ,इसे हमारी भारतीय युवा ब्रिगेड नें अमीरात की सरजमीं पर अपने जुझारू खेल से साबित कर दिया। प्रेसर कुकर के मानिंद बढ़ते दबाव के बीच और वह भी पाकिस्तान के खिलाफ,जिससे हर मेंच खेल का मैदान नहीं बल्कि कुरुक्षेत्र के मैदान में परिणीत हो जाता है,यहां भारतीय लड़ाकों नें वह कर दिखाया,जिससे हर भारतीय खेल प्रेमी का सीना चार इंच और बढ़ गया।

शनिवार का दिन भारतीय रि केट में बरसों बरस याद किया जाएगा। जहां अंडर 19 के एशिया कप रि केट फाइनल में भारत के रणबांकुरों ने लक्ष्य रायचंदानी के नैतृत्व में कट्टर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान को रोमांच, संघर्ष और पल-पल उत्तेजना से भरपूर मुकाबले में मात्र 1 विकेट से हराकर इतिहास रच दिया। 338 रन के विशाल लक्ष्य को भारत के लक्ष्य रायचंदानी के जांबाजों ने अंतिम ओवर की आखिरी गेंद पर चौका लगाकर प्राप्त कर लिया।

यह भारत का कुल 9 वां अंडर 19 एशिया कप खिताब है।

पाक कप्तान फरहान ने सिक्का जीतकर बल्लेबाजी चुनी,और निर्धारित 50 ओवर में 9 विकेट पर 337 का विशाल स्कोर बनाया।इसमें उस्मान की शतकीय पारी 107,कादिर के 54 गेंद पर 80 व कप्तान फरहान के 63 रन उल्लेखनीय रहे।काव्या पटेल 68/4 व सुभाष के 40 /3 विकेट ने पाक पारी में अच्छी गेंदबाजी कर और बड़ा लक्ष्य करने से रोक दिया।जवाब में भारत की धीमी पर मजबूत शुरुआत ने 95 पर विकेट गिरा आर्यवीर सहवाग का, जिन्होंने 61 गेंद पर 58 रन बनाए। तो कप्तान लक्ष्य ने पारी को मजबूती प्रदान करते हुए सर्वाधिक 80 रन बनाए। पर पाक पराजय पर जीत की मोहर लगाई मनल चौहान और मोहित उल्वा ने। मनल ने 32 गेंद पर 3 चौके 3 छक्के लगाकर 47 रन बनाए तो मोहित उल्वा ने 26 गेंद पर 49 रन की धुंआधार नाबाद पारी खेली (5 चौके 3 छक्के) और मेंच प्रमुख बने। स्पर्धा में सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी बने सहवाग के बेटे आर्यवीर उन्होंने 3 अर्धशतक व 160 रन की शतकीय पारी की बदौलत 361 रन बनाए। 252 पर 8 एवं 309 पर 9 वां विकेट गिरने के बाद भी भारतीय लड़ाकों ने करिश्माई प्रदर्शन कर पाक के नापाक जबड़े से जीत छीन ली।18 अप्रैल 1986 की यादें ताजा हो गई जब पाकिस्तान के मियांदाद ने फाइनल की अंतिम गेंद पर छक्का मारकर भारत को 1 विकेट से हराकर खिताब जीता था,तब आखरी ओवर में 11 रन बनाने थे,और अंतिम गेंद पर 4 ,पर चेतन शर्मा की फुलटास पर छक्का लगा,इस बार 40 साल बाद हमारे युवाओं ने इसका मीठा बदला लिया, स्पिनर अहमद हुसेन नें अंतिम ओवर फेंका ..0,वाइड,1,1,1,1 और आखरी गेंद पर मोहित का दनदनाता चौका भारत के तिरंगे का मान बढ़ा गया।

बधाई भारतीय जाबांजों को .. बधाई भारत को।
फिर मिलते हैं राम राम..।
समीक्षक - कार्तिकेय त्रिपाठी
इन्दौर

पंचायत चुनाव: मतदान के आंकड़ों से लेकर आगामी परिणाम पर मंथन

लोकजीवन न्यूज सर्विस, भीलवाड़ा



पंचायती राज चुनाव संपन्न होने के बाद चुनावी नतीजों, मतदान के आकलन एवं संगठनात्मक प्रदर्शन की समीक्षा को लेकर भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय में बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले की विभिन्न पंचायत समितियों एवं जिला परिषद क्षेत्रों में हुए मतदान, चुनावी परिस्थितियों तथा संभावित परिणामों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई।जिले के चुनाव प्रभारी वीरमदेव सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा, भीलवाड़ा सांसद दामोदर अग्रवाल, आसींद विधायक जबर सिंह सांखला,मांडल विधायक उदयलाल भड़ाणा, सहाड़ा विधायक लादूलाल पितलिया सहित जिले की सभी विधानसभाओं के 16 प्रभारी उपस्थित रहे।

बैठक में विधानसभा वार चुनावी स्थिति की समीक्षा करते हुए प्रत्येक क्षेत्र में हुए मतदान का आकलन किया गया। किन क्षेत्रों में संगठन की स्थिति मजबूत रही, किन क्षेत्रों में अपेक्षा के अनुरूप मतदान हुआ तथा कहां पार्टी को अधिक समर्थन मिला, इन सभी विषयों पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया।

जिला परिषद एवं पंचायत समिति क्षेत्रों में पार्टी की स्थिति को लेकर विधानसभा प्रभारियों से जानकारी ली गई तथा चुनावी परिणामों के संबंध में चर्चा की गई। विधानसभा वार चुनावी स्थिति की समीक्षा करते हुए प्रत्येक क्षेत्र में हुए मतदान का विस्तृत आकलन किया गया। विभिन्न पंचायत समितियों एवं जिला परिषद क्षेत्रों में मतदान प्रतिशत, बूथ स्तर पर पार्टी की स्थिति, कार्यकर्ताओं की सक्रियता, चुनावी प्रबंधन तथा संगठनात्मक समन्वय को लेकर विधानसभा प्रभारियों से जानकारी ली गई।

भाजपा जिला मीडिया संयोजक महावीर समदानी ने बताया कि बैठक में आगामी मतगणना को लेकर विशेष रूप से विस्तृत चर्चा की गई। मतगणना के दौरान आवश्यक व्यवस्थाओं, मतगणना अभिकर्ताओं की नियुक्ति एवं उनकी जिम्मेदारियों, चुनावी आंकड़ों के संकलन, प्रत्येक राउंड के परिणामों की निगरानी तथा संबंधित निर्वाचन क्षेत्रों से सूचनाओं के त्वरित आदान-प्रदान पर विचार-विमर्श किया गया। सभी विधानसभा प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में मतगणना से संबंधित आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करने, कार्यकर्ताओं एवं मतगणना अभिकर्ताओं के साथ समन्वय बनाए रखने तथा पूरी सतर्कता एवं जिम्मेदारी के साथ चुनाव प्रक्रिया पर नजर रखने के संबंध में चर्चा की गई।

धारावी की बदलेगी तस्वीर: अदाणी ग्रुप पहले चरण में करेगा पांच अरब डॉलर का निवेश

लोकजीवन न्यूज नेटवर्क, मुंबई



धारावी अब एक ऐतिहासिक कायाकल्प की ओर अग्रसर है। संकरी गलियों, तंग घरों और कुटीर उद्योगों के लिए दुनियाभर में प्रसिद्ध इस विशाल बस्ती को अब आधुनिक सुविधाओं से लैस करने की रूपरेखा तैयार कर ली गई है। अदाणी एंटरप्राइजेज के निदेशक प्रणव अदाणी ने हाल ही में दिए एक विशेष साक्षात्कार में इस महत्वाकांक्षी परियोजना की विस्तृत जानकारी साझा की है, जिसके तहत पुनर्विकास के पहले चरण में 4 से 5 अरब डॉलर (लगभग 500 करोड़ रुपये) का भारी-भरकम निवेश किया जाएगा। लगभग 620 एकड़ में फैली धारावी में करीब 10 लाख लोग निवास करते हैं। इस विशाल परियोजना के अंतर्गत लगभग 270 एकड़ उपलब्ध भूमि पर पुनर्विकास कार्य किया जाएगा, जिसमें आवासीय और व्यावसायिक उद्देश्यों के लिए 1.5 लाख से अधिक नई इकाइयों का निर्माण प्रस्तावित है। कुल निर्माण क्षेत्र 20 करोड़ वर्ग फुट से अधिक होने का अनुमान है, जिससे धारावी का पूरा परिदृश्य बदल जाएगा। इस योजना के तहत पात्रता को भी स्पष्ट किया गया है। वर्ष 2000 से पहले के सभी पात्र निवासियों को धारावी में ही आधुनिक और पक्के घर प्रदान किए जाएंगे, जबकि वर्ष 2000 के बाद के निवासियों के लिए मुंबई महानगर क्षेत्र (एमएमआर) में वैकल्पिक आवास की व्यवस्था की जाएगी। वर्तमान में 10 हजार से अधिक फ्लैटों का निर्माण कार्य आरंभ हो चुका है।

प्रणव अदाणी के अनुसार, इस पूरी परियोजना को अगले लगभग सात वर्षों में पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। धारावी के इस कायाकल्प में केवल आवास निर्माण ही शामिल नहीं है, बल्कि यहां रहने वाले लोगों के समग्र विकास का पूरा ध्यान रखा गया है। नए परिसरों में स्कूल, अस्पताल, दुकानें, व्यावसायिक केंद्र, खेल के मैदान और मनोरंजन स्थल विकसित किए जाएंगे। इसके साथ ही स्थानीय निवासियों की आजीविका और छोटे उद्योगों के संरक्षण पर भी विशेष जोर दिया जा रहा है ताकि उनका सामाजिक ताना-बाना और रोजगार सुरक्षित रह सके। पर्यावरण और परिवहन को बेहतर बनाने के लिए मीठी नदी के तट पर भव्य पार्क और हरित क्षेत्र विकसित किए जाएंगे। साथ ही, मेट्रो, रेल और बस सेवाओं के माध्यम से कनेक्टिविटी को अत्याधुनिक बनाया जा रहा है। इसके अतिरिक्त, अदाणी ग्रुप नवी मुंबई में अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के निकट 1,000 एकड़ से अधिक क्षेत्र में एक विशाल टाउनशिप और गोरेगांव पश्चिम में पुनर्विकास परियोजना पर भी कार्य कर रहा है। कुल मिलाकर, अगले पांच वर्षों में विभिन्न बुनियादी ढांचा क्षेत्रों में 120 अरब डॉलर के निवेश का यह लक्ष्य मुंबई के शहरी विकास को एक नई दिशा देने वाला साबित होगा।

महिला सशक्त होगी,तभी राष्ट्र सशक्त होगा: लढ़ा

एबीआरएसएम का जिला महिला सम्मेलन सम्पन्न



लोकजीवन न्यूज सर्विस, भीलवाड़ा

अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ राजस्थान (विद्यालय शिक्षा) जिला भीलवाड़ा के तत्वावधान में जिला महिला सम्मेलन सेठ मुरलीधर मानसिंहका राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में हुआ। प्रथम सत्र में सम्मेलन की संयोजिका मंजू कुमावत ने संगठन की रीति नीति बताई। संगठन की गतिविधियों पर विस्तार से प्रकाश डाला। द्वितीय सत्र को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता लघु उद्योग भारती अध्यक्ष पल्लवी लड्ढा ने महारानी पद्मिनी और नारी स्वाभिमान विषय को लेकर नकारात्मक विमर्श का खंडन करते हुए महारानी पद्मिनी को नारी अस्मिता का प्रतीक बताया। उन्होंने उपस्थित शिक्षिकाओं से संस्कारवान भावी पीढ़ी का निर्माण करते हुए उनमें राष्ट्र प्रथम के भाव विकसित करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि महिला सशक्त होगी तभी राष्ट्र सशक्त होगा। मुख्य अतिथि सुशीला लड्ढा चितौड़ प्रांत बौद्धिक प्रमुख ने वर्तमान परिप्रेक्ष्य में महिलाओं के समक्ष उत्पन्न चुनौतियों और उनके व्यावहारिक समाधान के बारे में बताया। अतिथियों का स्वागत जिला महिला मंत्री शारदा विश्नोई,संयुक्त मंत्री सीमा लोहार एवं निर्मला सुखवाल ने किया। संचालन जिला महिला उपाध्यक्ष नीता रावत ने किया। कल्पना जैन ने सबका आभार व्यक्त किया। इसके बाद संगठन की जिला कार्यकारिणी की बैठक जिलाध्यक्ष सुरेश बड़वा की अध्यक्षता में आयोजित की गई जिसमें प्रदेश शैक्षिक सम्मेलन एवं शिक्षकों की समस्याओं पर चर्चा की गई ।